दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 128 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 31 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

### प्रस्तावित सहकार सम्मेलन के लिए शाह को दिया निमंत्रण

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/नई दिल्ली(कासं.)।।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने सबसे पहले केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री से मिलकर राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र में हो रहे विकास और नए प्रयोगों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पैक्स के कंप्यूटराइजेशन, "म्हारो खाता म्हारो बैंक", गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना और "सहकार से समृद्धि" अभियान जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर राजस्थान में प्रस्तावित सहकार सम्मेलन के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह को आमंत्रित भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री व ऊर्जा मंत्री



मनोहर लाल से मुलाकात की। इस बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान में ड्रेनेज सिस्टम के विकास, पीने के पानी की व्यवस्था, मेट्रो के विस्तार, सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन और बिजली उत्पादन व सप्लाई के अलग-अलग तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में शहरी परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने की बात कही और जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को संयुक्त उद्यम मॉडल के तहत मंजूरी देने और इसके लिए जल्द केंद्रीय मदद देने की मांग की। मुख्यमंत्री शर्मा ने ऊर्जा मंत्री से जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की उस योजना के बारे में भी चर्चा की, जिसमें दिन के समय किसानों को बिजली देने के लिए 1368 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाई गई है। उन्होंने इसे आरडीएसएस योजना के तहत मंजूरी देने का अनुरोध किया। साथ ही, उन्होंने राजस्थान में 115 गीगावाट बिजली उत्पादन की योजनाओं को जल्द लागू करने और 50 गीगावाट अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित करने को लेकर सीटीयूआईएल, सीईए, एमएनआरई और अन्य एजेंसियों को प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की। उन्होंने इस बातचीत में आम लोगों की सुविधा और उद्योगों के विकास के लिए रेलवे नेटवर्क के विस्तार की जरूरत बताई। इसके अलावा डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और सूचना व प्रसारण के क्षेत्र में नए प्रयोगों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खनिज संसाधनों के टिकाऊ विकास, निवेश की संभावनाओं, खनन क्षेत्र के ढांचे को मजबूत करने और पावर प्लांट्स को कोयले की आपूर्ति के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की।

## सुप्रीम कोर्ट में अब जजों की संख्या 34



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एनवी अंजारिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर शपथ दिलाई। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित एक समारोह में जजों को शपथ दिलाई। जजों के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत जजों की संख्या 34 हो गई। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अंजारिया, गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बिश्नोई और बॉम्बे हाईकोर्ट के जज जस्टिस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 10 तारीख को उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी थी। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस अभय एस. ओका और हृषिकेश रॉय के सेवानिवृत्त होने के बाद शीर्ष अदालत में जजों के तीन मौजूदा रिक्त पदों के लिए उनके नामों की सिफारिश की गई थी। न्यायमूर्ति अंजारिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले उन्हें 21 नवंबर, 2011 को गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 6 सितंबर, 2013 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में उनके नाम पर मुहर लगी थी। 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में जन्मे न्यायमूर्ति अंजारिया ने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अगस्त 1988 से गुजरात हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। उन्होंने संवैधानिक मुद्दों और सभी श्रेणियों के दीवानी मामलों, श्रम और सेवा से जुड़े मामलों का संचालन किया।

### उप मुख्यमंत्री बोलीः यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि

## हल्दीघाटी के शिलालेख को चेंज कराया, लिखाः महाराणा प्रताप ने जीता था युद्ध

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राजसमंद सांसद के तौर पर मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि थी कि मैने हल्दीघाटी में लगे शिलालेख को चैंज करवाया। पहले शिलालेख पर लिखा था कि हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर जीते थे। लेकिन मैने 2021 में सांसद रहते हुए शिलालेख को बदलवाने का प्रयास किया। यह मॉन्यूमेंट्स आर्कियोलॉजी ऑफ इंडिया (एएसआई) के पास हैं। हम दिल्ली तक गए। उस समय अर्जुनराम मेघवाल के पास यह मंत्रालय था। हमने उस शिलालेख को बदला, आज जब आप हल्दीघाटी जाएंगे तो उस शिलालेख पर लिखा है कि महाराणा प्रताप युद्ध जीते थे। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल की यह सबसे बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन शायद यह किसी को पता नहीं है। मैंने सोचा, आज इस मंच के माध्यम से क्यों न सच्चाई बताऊं। क्योंकि लोग बहुत सी उल्टी सीधी चीजें बोलते हैं। अब सबको सच्चाई बताने का समय आ चुका है। मैं कम बोलती हूं, लेकिन जब बोलती हूं तो बहुत कुछ बोलती हूं। दीया कुमारी महाराणा प्रताप की जयंती पर गुरुवार को जयपुर के संघ शक्ति कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि और शिरोमणि महाराणा प्रताप संस्थान झोटवाड़ा के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि और शिरोमणि महाराणा प्रताप संस्थान झोटवाड़ा के सदस्य मौजूद रहे। दीया कुमारी ने कहा कि अब सही इतिहास लोगों तक पहुंचाने का समय आ चुका है। अभी तक हम मुगलों का लिखा इतिहास पढ़ रहे थे। मुगल डिवाइड एंड रूल को फॉलो करते थे, जो अंग्रेजों ने भी किया। राजपूत को राजपूत से लड़ाओ, हिंदू को हिंदू से लड़ाओ और राज करो। अभी तक हमने यही इतिहास पढ़ा है।

### मेवाड़ से जो स्नेह मिला, ऐसा कहीं नहीं मिला

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि इलेक्शन के समय मुझे पार्टी ने निर्देश दिया कि राजसमंद से चुनाव लड़ना है। मैंने सोचा पता नहीं कैसे लड़ूंगी, कैसे जीतूंगी। मुझे वहां कोई नहीं जानता था। लेकिन मैं वहां गई और मैं आपको यह भी बताना चाहूंगी कि मेवाड़ की जनता से मुझे आशीर्वाद मिला, स्नेह मिला। ऐसा कहीं ओर से नहीं मिला। मैं जयपुर की बेटी हूं, लेकिन वहां के लोगों का इतना अच्छा व्यवहार रहा, उन्होंने पूर्ण रूप से सहयोग किया। आज भी उनका आशीर्वाद और स्नेह मुझे मिलता हैं। दीया कुमारी ने कहा कि उनके प्रयासों से मेवाड़ क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं स्वीकृत हुई। इनमें महाराणा प्रताप सर्किट और स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की स्थापना शामिल हैं। यह पहल न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम करेगी, बल्कि युवाओं में गौरव और प्रेरणा का संचार भी करेगी।



*उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।*

### महिला व बाल विकास विभाग के कार्यालय पर एसीबी की रेड

## महिला लेखाधिकारी 5000 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर में एसीबी की टीम ने महिला लेखाधिकारी को रिश्वत लेते ट्रैप किया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर एसीबी की टीम ने लेखाधिकारी नूतन पंडिया को रिश्वत लेते पकड़ा है। लेखाधिकारी नूतन पंडिया को कार्यालय में ही 5000 रुपये रिश्वत लेते ट्रैप किया है। एसीबी ने यह कार्रवाई महिला व बाल विकास विभाग के कार्यालय में की है। एसीबी एडिशनल एसपी अनंत कुमार के नेतृत्व में महिला लेखाधिकारी को ट्रैप किया गया है। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम को शिकायत मिली थी कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 7 महीने के रुके वेतन के एवज में प्रत्येक कार्यकर्ताओं से 4500-4500 रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। रिश्वत नहीं देने पर वेतन पास नहीं करने की बात कह कर परेशान किया जा रहा था। एसीबी ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए इसका सत्यापन करवाया। जिसमें दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 2-2 हजार रुपये रिश्वत लेते पाया गया। वहीं सत्यापन के बाद एसीबी ने महिला लेखाधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप कार्रवाई की।

## नीट पर 'सुप्रीम' फैसलाः एक ही पारी में होगी परीक्षा



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।।** नीट पीजी 2025 की तैयारी कर रहे मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने परीक्षा आयोजकों को निर्देश दिया है कि नीट पीजी 2025 परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा को दो शिफ्ट में आयोजित करना असमानता पैदा करता है और यह सभी उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं दे सकता। दो अलग-अलग शिफ्ट में पूछे गए प्रश्न पत्र कभी भी एक जैसे कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। पिछली बार विशेष परिस्थितियों में परीक्षा दो शिफ्ट में कराई गई थी, लेकिन इस बार परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था को एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने की व्यवस्था करनी चाहिए थी। एनबीई की इस दलील को खारिज करते हुए कि पूरे देश में एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त केंद्र उपलब्ध नहीं हैं, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की, "हम इस तर्क को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि पूरे देश में और देश में उपलब्ध तकनीकी प्रगति को देखते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त परीक्षा केंद्र नहीं ढूंढ सकी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया जब वह राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की ओर से नीट पीजी 2025 परीक्षा को दो शिफ्टों में आयोजित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने परीक्षा प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर टाइम्स मासिक पत्रिका का किया विमोचन, पाठकों में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दैनिक जयपुर टाइम्स के लाखों पाठक शुक्रवार को उस समय खुशी से झूम उठे जब मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर टाइम्स मासिक पत्रिका का विमोचन किया । मुख्यमंत्री भजनलालशर्मा मासिक पत्रिका के पहले अंक की डिजाइनिंग, विषयसामग्री, पत्रिका में उल्लेखित विभिन्न विषय सामग्री के प्रस्तुतीकरण के तरीकों, प्रिंटिंग, ग्राफिक इत्यादि को देखकर काफी प्रभावित हुए और पत्रिका की संपादकीय टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की । इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भले ही आजकल सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का जमाना हो लेकिन प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अब भी पहले की तरह कायम है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है इसलिए पत्रकार को अपनी जिम्मेवारी को गंभीरता से सोचना होगा और सटीक तथा तथ्यात्मक जानकारी देने के साथ-





साथ पत्रकारों को उन योजनाओं की भी जानकारी देनी चाहिए जिसे लोगों का भला हो, मुख्यमंत्री शर्मा ने उम्मीद जताई कि जयपुर मासिक पत्रिका पत्रकारिता के सभी मापदंडों को पूरा करते हुए प्रदेश के पाठकों की उम्मीद पर खरा उतरेगी । इस मौके पर मुख्यमंत्री आवास के स्टाफ से जुड़े छोटे बड़े अधिकारी और कर्मचारी तथा मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर आनंद शर्मा, पत्रिका के संपादकीय विभाग में नियुक्त वरिष्ठ पत्रकार रोहित शर्मा भी मौजूद रहे । इस अवसर पर जयपुर टाइम्स मासिक पत्रिका के प्रधान संपादक रामेश्वर लाल जाट ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश भर के पाठकों की डिमांड पर जयपुर मासिक पत्रिका के प्रकाशन की शुरुआत की गई है, दैनिक जयपुर टाइम्स विगत कई सालों से पहले से ही प्रकाशित किया जा रहा है दैनिक जयपुर टाइम्स के लाखों पाठक देश के कोने-कोने में मौजूद है और पाठकों की इच्छा के अनुसार ही इस मासिक पत्रिका की शुरुआत की गई है, मासिकपत्रिका में हर महीने राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार की ओर से लोगों के कल्याण और विकास के लिए की गई शुरू की गई योजनाओं पर स्पेशल स्टोरी प्रकाशित की जाएगी तथा प्रदेश की जनता केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार से क्या चाहती है इस विषय पर भी विशेष स्टोरी हर महीने प्रकाशित की जाएगी, जैसा कि दैनिक जयपुर टाइम्स हमेशा नई ऊर्जा, नई सोच के साथ सकारात्मक खबरों के द्वारा प्रदेश के लाखों पाठकों की मॉर्निंग को गुड मॉर्निंग बना रहा है तथा केंद्र और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की बराबर जानकारी प्रदेश भर के लाख पाठकों को देता रहा है, पाठकों के स्नेह और प्यार से ही कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी दैनिक जयपुर टाइम्स का प्रकाशन नियमित रूप से हो रहा है कोरोना की अवधि में भी कई तरह की भीषण समस्याओं के बावजूद भी दैनिक जयपुर टाइम्स का प्रकाशन जारी रहा, देश भर में मौजूद जयपुर टाइम्स के लाखों पाठकों ने भी निरंतर हौसला अफजाई की जिसकी वजह से हर बाधा को पर करते हुए जयपुर टाइम्स के पाठक रोजाना बढ़ते रहे, इस दौरान प्रदेश भर के पाठकों ने जयपुर टाइम्स कार्यालय में पत्र व्यवहार, ईमेल इत्यादि के माध्यम से मासिक पत्रिका की शुरुआत करने की सलाह दी, पाठकों के बार-बार आग्रह करने पर इस मासिक पत्रिका की शुरुआत की गई है, जैसा कि दैनिक जयपुर टाइम्स के संपादकीय विभाग में भी कई सालों से पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार नियुक्त है और मासिक पत्रिका में भी प्रदेश भर के हर जिले से वरिष्ठ पत्रकार नियुक्त किए गए हैं ताकि हर महीने प्रकाशित होने वाली यह मासिक पत्रिका प्रदेश की नंबर वन लोकप्रिय मासिक पत्रिका के रूप में बहुत जल्दी ही खुद को स्थापित कर सके।

इस मासिक पत्रिका के प्रकाशन पर प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया, राजस्थान विधानसभा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, प्रदेश के वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, खाद्य एवं नगरीकृत आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री और विधायक कालीचरण सराफ, कांवरिया सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र त्रिलोकी नाथ महाराज, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री मनोहर दास महाराज, अलवर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा के अलावा कई राजनेताओं, विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
31 मई, 2025

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कम्पनी बाग में होगा आज प्रश्नोतरी कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अलवर, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर, क पनी बाग विकास समिति अलवर एवं आई एम् ए अलवर के संयुक्त तत्वावधान में कल शनिवार 31 मई की शाम 5 बजे क पनी बाग में जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अलवर के डीन डॉ. असीम दास ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावो से अवगत करवाने हेतु एक नुक्कड नाटक का आयोजन एवं कई अनुभवी चिकित्सको द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान करवाई जायेगी। कोऑर्डिनेटर डॉ. जय मनचंदा ने बताया कि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अलवर से डॉ.असीम दास-डीन, डॉ. आलोक आर्य , डॉ. विवेक तिवारी, डॉ. विन्सी, डॉ. आयुष सेंगर, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. शुभम फोजदार, डॉ. सिकन्दर फोजदार इत्यादि फैकल्टी मे बर्स कार्यक्रम में भाग लेंगे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि इस वर्ष का वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन द्वारा वर्ष 2025 का थीम अपील को उजागर करना त बाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है। कार्यक्रम संयोजक सेंट जॉन ए बुलेंस इंडिया, अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर यह कार्यक्रम 31 मई की शाम 5 बजे कम्पनी बाग (सैनिक विश्राम गृह के सामने वाले गेट से घुसते ही पार्क में) में प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अलवर के स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स, फैकल्टी मे बर्स , इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर एवं कंपनी बाग विकास समिति के पदाधिकारी व् सदस्य एवं आई एम् ए अलवर के चिकित्सक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## ढ़िगावडा में हुई हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश

### सगे भाई ने पडोसी के साथ मिलकर की हत्या




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़ थाना पुलिस ने ढ़िगावडा में हुए हत्या का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 28 मई को गांव ढ़िगावडा में डेड बॉडी की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थानाधिकारी मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। मृतक के साले राजेश मीना ने मामला दर्ज करवाया कि मेरे जीजा की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के मुख्य सरगना मृतक का सगा भाई विजय((31) पुत्र रामजीलाल निवासी ढ़िगावडा एवं उसका पड़ोसी लोकेश (33) पुत्र गिर्राज राजपूत निवासी ढ़िगावडा को गिरफ्तार किया एवं घटना में प्रयुक्त 2 लकड़ी के डण्डो को दोनों आरोपियों से बरामद किया गया।

## टीम के चयन हेतु आयोजित टेस्ट मैच संपन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिशन द्वारा आयोजित कॉल्विन शील्ड 2025 के लिए अलवर क्रिकेट टीम के सिलेक्शन मैचों का सफलतापूर्वक समापन गुरुवार को हो गया। चयन प्रक्रिया भिवाड़ी के क्रिकेट ग्राउंड पर संपन्न हुई, जहां जिलेभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया इस प्रक्रिया में कुल 8 टीमों का गठन किया गया, जिनमें प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी शामिल थे। इन मैचों के प्रदर्शन के आधार पर अब 20 श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो अलवर की ओर से कॉल्विन शील्ड 2025 में प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों के लिए अलवर टीम का रजिस्ट्रेशन 3 जून को किया जाएगा वही गुरुवार को अलवर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित यादव चयनित खिलाड़ियों से मैदान पर मिले और उन्हें बधाई देते हुए आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दीं यादव ने कहा, "जिन युवाओं ने अपने प्रदर्शन से खुद को साबित किया है, वे अलवर की नई पहचान बनेंगे। सिलेक्शन प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी गई है ताकि सही टैलेंट को मंच मिल सके उन्होंने यह भी कहा कि बतौर अध्यक्ष, उनका और एसोसिएशन का लक्ष्य सिर्फ टीम बनाना नहीं बल्कि ऐसी टीम तैयार करना है जो कॉल्विन शील्ड 2025 में विजय हासिल करे और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी चमके हमारा मकसद ऐसे खिलाड़ी तैयार करना है जो सिर्फ अलवर और राजस्थान का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का नाम रौशन कर सकें। यहां की मिट्टी में बहुत टैलेंट है, बस उसे तराशने और आगे बढ़ाने की जरूरत है सिलेक्शन प्रक्रिया के दौरान कोचिंग स्टाफ, चयन समिति के सदस्य और खेल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ब्लू बेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**अलवर(निसं.)।** पांचवी कक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमे से एनईबी स्थित ब्लू बेल्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम बढ़ाया। सभी बच्चो को विद्यालय के बच्चो को माला पहनाकर एव शील्ड देकर सम्मानित किया गया जिसमे बच्चो को अध्यापकों द्वारा प्रोत्साहित किया जिसमे संस्था प्रधान पूनम शर्मा ने बच्चो एव शिक्षकों को धन्यवाद दिया।



इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य प्रगति अग्रवाल, कविता नैनवाल, पूजा सैनी, प्रीति खण्डेलवाल, मनमीत एव प्रगति श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# 'सभी वर्गों को शिक्षा का समान अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने ऑनलाईन माध्यम से भी की है एक नई शुरूआत'

**मोदी विश्वविद्यालय नये दौर में शिक्षा के बदलते आयामों पर है सबसे अग्रसर**

**इस बार भी मोदी स्कूल की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया, विवि में**




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निंस.)।** सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय द्वारा अलवर के निजी होटल में शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस संवाद का आयोजन किया गया। इसमें अलवर के मुख्य इलेक्ट्रोनिक और प्रिन्ट मीडिया के प्रत्रकारों से विश्वविद्यालय ने शुरू होने वाले नये सत्र से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता में मोदी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनस के प्रोफेसर डॉ0 बी एस राठौड़, कला एवं मानविकी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए एस रॉव एवं डिप्टी डीन, ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन हितेश जांगिड़ उपस्थित थे। सबसे पहले सभी ने 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण हुए छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोदी स्कूल की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। मीडिया से रूबरू होते हुए डॉ. बीएस राठौड ने नये दौर में शिक्षा के बदलते आयामों के बारे में बताया ओर कहा कि आज मेडिकल एवं इंजिनयरिंग के अलावा अन्य कई ऐसे क्षेत्र है जहा छात्र अपने रुचि को बरकरार रखते हुए कई अन्य स्किल बेस्ड कोर्सेस कर सकते हैं। हितेश जांगिड ने इंजिनयरिंग के क्षेत्र में छात्रों के लिए मौजूद विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया। डॉ. बी एस राठौड ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिर्सच एवं मैनेजमेंट की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजिनयरिंग ने तकनीक के बदलते परिपेक्ष्य के मद्देनजर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ए आई, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई स्किल बेस्ड कोर्सेज छात्राओं के लिए मुहैया करवाए है। इंजिनयरिंग के कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि छात्राएं इंडस्ट्री के मांग के अनुसार बेहतर तौर पर खुद को तैयार कर सकें। इसी तरह स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइसेंस के अंतर्गत फोरेनसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशन, फिजयोथेरेपी, जर्नलिज्म एंड मास क यूनिकेशन, बायो टेक्नोलॉजी जैसे सरीखे कोर्सेस छात्राओं एक बेहतर भविष्य प्रदान करता है। स्कूल ऑफ लॉं के अंतर्गत छात्राओं को राजस्थान विधिक सेवा के लिए विशेष रूप से तैयार एवं प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान भी 6 छात्राओं ने राजस्थान विधिक सेवा में सफलता क परचम लहरा कर शेखावाटी के साथ पुरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल ऑफ बिजनेस में बी बी ए एवं एम बी ए के साथ बी कॉम, बी ए इकोनॉमिक्स, डिजिटल मार्केटिंग एवं इंटीग्रेटेड कोर्स भी छात्राओं के लिए उपलब्ध है। बात चाहे इंडस्ट्रियल एक्सपोजर की हो या फिर इंटर्नशिप की मैनेजमेंट की ये छात्रायें हर क्षेत्र में बेहतर कर रही है। फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर को देखते हुए विश्वविद्यालय ने डी फार्मा एवं बी फार्मा कोर्स की भी शुरूआत की है ताकि छात्राओं को बेहतर अवसर प्राप्त हो सके। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी वर्गों को शिक्षा का समान अवसर मुहैया कराने के उददे्श्य से विश्वविद्यालय ने ऑनलाईन माध्यम की भी शुरूआत की है। जिसके अर्न्तगत बीए, बीकॉम, एमकॉम के साथ ही एमबीए, एमसीए और एम ए जर्नलिज्म जैसे विभिन्न कोसेस करवाए जाएगें। इस माध्यम में छात्राओं के साथ छात्र भी दाखिला ले सकते हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह मोदी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष भी छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृति की घोषणा की। जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षाओं के टॉपर को 100 % तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बारहवीं के परिणाम के आधार पर भी 50% तक की छात्रवृति का प्रावधान है जबकि राजस्थान एवं केन्द्रीय बोर्ड के टोप तीन को 100%तक की छात्रवृति मुहैया करायी जाएगी। विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मोदी विश्वविद्यालय की छात्राओं को अतिरिक्त 10% तक की छात्रवृति दी जाएगी। जबकि सीकर, चुरु, झुनझुनू की छात्राओ को पूरे कोर्स के दौरान 10% की छात्रवृति दी जाएगी। सरकारी निमयों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के साथ दिव्यांगों को पूरे कोर्स के दौरान 10% की छात्रवृति मिलेगी। इसके साथ ही मोदी विश्वविद्यालय की विशेष छात्रवृति योजना के तहत शहीदों के बच्चों को ट्यूशन फी में 50% की छात्रवृत्ति जबकि सेना और अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत या सेवानिर्वत जवानों के बच्चों को पूरी पढ़ाई के दौरान ट्यूशन फी में 35% की छात्रवृत्ति और कार्यरत या सेवानिर्वत पुलिस कर्मियों के बच्चों को 25% की छात्रवृति का प्रावधान है। छात्राओं ने जीएसआई (जर्मनी), सर्न (स्विट्जरलैंड) और नासा (यूएसए) सहित विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संस्थानों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप भी हासिल की है, जो उन्हें उच्चतम स्तर पर अत्याधुनिक शोध अनुभव और कौशल विकास प्रदान करते हैं। 12वीं कि परीक्षा के साथ ही मोदी विश्वविद्यालय अलग अलग राज्यों और शहरों में बड़े पैमाने पर छात्राओं से रूबरू होकर उन्हें उचित कैरियर परामर्श भी मुहैया करा रहा है। मोदी विश्वविद्यालय की ये कवायद निश्चित रूप से छात्राओं को भविष्य की सही दिशा प्रदान करेगी।

## ऑपरेशन शील्ड के तहत आज होगा मॉक ड्रील एवं ब्लैक आउट का पूर्व अभ्यास

### संबंधित क्षेत्र के नागरिक सायरन बजने के साथ स्वेच्छा से अपने घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों व वाहनों आदि की लाइट बंद कर ब्लैक आउट में करें सहयोग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर द्वितीय सिविल डिफेन्स अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) के तहत 31 मई को ड्रोन हवाई हमले के समय राहत एवं बचाव के लिए मॉक ड्रील का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिस स्थान पर मॉक ड्रिल का आयोजन होगा उस स्थान के 2 किलोमीटर परिधि क्षेत्र में रात्रि के समयसायरन बजने के साथ ब्लैक आउट किया जाएगा। ब्लैक आउट के दौरान क्या करें, क्या न करें उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र के नागरिक ड्रोन से होने वाले हवाई हमले की स्थिति में ब्लैक आउट किए जाने पर सायरन या हूटर बजते ही बिना घबराए सभी नागरिक अपने घरों में रहे व अनावश्यक घर से बाहर न निकलें, अपने प्रत्येक स्थान की लाइट स्वे'छा से बंद कर दें, भगदड न मचाए व धूम्रपान न करें, माचिस, मोबाइल, टॉर्च एवं लैश लाइट का इस्तेमाल न करें, यदि किसी घर अथवा प्रतिष्ठान की खिडकी से प्रकाश बाहर निकलता दिखें तो उस स्थान पर काला कागज लगाये, सडक पर चलने वाले वाहनों की लाइट बंद करें तथा जहां जो हो वहीं वाहन के साथ रूक जाएं, ब्लैक आउट में क्षेत्र के सिविल डिफेन्स के वार्डनों की सहायता करें, दो मिनट तक सायरन बजने पर बचाव कार्य व अन्य गतिविधि में लग जाएं, ऐयर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण ले, अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करें, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुने, सुरक्षित शरण स्थल की जानकारी लें, शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें, पीने का पानी कम से कम तीन दिन का व सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फूट आदि) जैसी जरूरी वस्तुएं तैयार रखें, प्राथमिक चिकित्सा कीट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखे, जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखे, शीशे से दूर रहे जमीन पर लेट जाए, ड्रोन हवाई हमले के बाद तभी बाहर निकले जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हो तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं व पुलिस को इसकी सूचना देवे, यदि रोड पर हो तो वाहन किनारे खडा कर वाहन की लाइट ऑफ कर दें, समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, घबराये नहीं ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबंधन कर्मियों व पुलिस के निर्देशों का पालन करें। ड्रोन के हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाकर दिया जाएगा तथा खतरा टलने की सूचना 2 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी।

## पत्रकार राजेश रवि की पुस्तक का विमोचन, 'प्रकृति संवादक' सम्मान भी मिला

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वरिष्ठ पत्रकार राजेश रवि की पुस्तक 'बागी से किसानी' का शुक्रवार को विमोचन हुआ। पुस्तक का विमोचन तरुण भारत संघ के भीकमपुरा स्थित आश्रम में संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह, महाराष्ट्र के सकाल के पूर्व प्रधान संपादक श्रीराम पंवार, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रोफेसर शिवसिंह सारंग देबोत ने किया। इस अवसर पर उन्हें 'प्रकृति संवादक' के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। यह पुस्तक राजस्थान के करौली व धौलपुर जिलों के डकैतों के जीवन परिवर्तन पर लिखी गई है। पुस्तक में बताया गया है कि किस तरह से डकैतों के बीच में संवाद स्थापित कर तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं ने उनके मन को बदला और बगावत छोडकर खेती करते के लिए प्रेरित किया। पुस्तक के बारे में लेखक राजेश रवि ने बताया कि उन्होंने जब क्षेत्र में जाकर देखा कि किस तरह से लोगों का मन बदला है और अब सैरनी सहित अनेक नदियां बहने लगी है। पशु दूध देने लगे है और खेतों में हरियाली है तो इस पर पुस्तक लिखने का मन बनाया। सनी ने कहा कि प्रकृति ,जल और नदियों के संरक्षण हेतु सृजनात्मक और मीडिया संवाद के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने और संरक्षण के प्रति अमूल्य सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए यह सम्मान दिया गया है। इस अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार पूर्व सीएम के सलाहकार रहे गोविंद चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद भारद्वाज, यातनाम कवि विनीत चौहान, नालंदा प्रकाशन के नीरज कुमार, गांधी शांति प्रतिष्ठान के रमेश भाई सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

## पेपर कवर, लिफाफे और फाइल बनाने के 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बूंटोली, लक्ष्मणगढ़ में पेपर कवर, लिफाफे और फाइल बनाने के 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आरसेटी अलवर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था निदेशक जे पी मीणा ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इब्तदा संस्था से जुड़ी हुई बूंटोली गाँव की 35 महिलाओ द्वारा भाग लिया गया। संस्था निदेशक जे पी मीणा ने महिलाओ को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन किया व सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और साथ ही उन्होंने संस्थान द्वारा अलवर जिले के ग्रामीण इलाकों के निवासी पुरुषों के लिए जून माह में चलाए जाने वाले इंस्टॉलेशन और सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जिससे कि महिलाओ के परिवार के सदस्य भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठा सके। संकाय सदस्य जय प्रकाश सिंघल ने महिलाओ को स्वरोजगार कर अपनी आजीविका को ओर बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी। संकाय सदस्य रेणु जैन ने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं गरीबी उन्मूलन में आरसेटी का अहम योगदान रहा है। सभी प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन नैसर की ओर से माधो राम और मोहम्मद अली ने किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहे।

## भारतीय विद्या पीठ स्कूल ने शत प्रतिशत परिणाम देकर फिर रचा इतिहास

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत परिणाम देकर राजगढ़ कस्बे का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सैन ने बताया कि विद्यालय की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी 20 विद्यार्थी जिनमें 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 10 में 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र अमन सैनी ने 95.83 प्रतिशत, लोचन खण्डेलवाल ने 95.50 प्रतिशत, रीया सैन व प्रियंका सैनी ने 95 प्रतिशत, नित्या सैनी ने 93.50 प्रतिशत, मयंक शर्मा ने 92.33 प्रतिशत, भव्य शर्मा ने 91 प्रतिशत, अंशुल शर्मा, नवीन यादव, नेहा सैनी, उमंग सैन, मोलिशा यादव, आयुष यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। शुक्रवार को विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी विद्यार्थियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भगवान दास साहू, पूर्णिमा सैन, रिंकू सैनी, संतोष शर्मा, राजेश सैनी, पंकज खण्डेलवाल सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

# हर आंगन एक परिंडा - हर पक्षी खुशहाल अभियान की हुई शुरुआत

**गर्मियों में पक्षियों के लिए पेड़ों पर लगाए परिंडे, ताकि उनको भी मिल सके दाना, पानी**

**जिला कलक्टर ने भीषण गर्मी के बीच चलाया जीव मात्र के हितार्थ महत्वपूर्ण अभियान**




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** भीषण गर्मी से जूझते जिले में पशु-पक्षियों को राहत देने हेतु जिला कलक्टर किशोर कुमार ने हर आंगन एक परिंडा - हर पक्षी खुशहाल अभियान की शुरुआत की। इसका शुभारंभ खैरथल की पुरानी अनाज मंडी स्थित लाला जय नारायण पॉचीदेवी खंडेलवाल स्मृति उद्यान से किया गया, जहां जिला कलक्टर ने बतौर मुख्य समाजसेवी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए 1000 परिंडे वितरित किए। जिला कलक्टर ने उद्यान में लगे पेड़ों पर परिंडे लगाकर अभियान की शुरुआत कि साथ ही पार्क में उपस्थित अतिथिगणों द्वारा बरगद का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि गर्मी का प्रकोप केवल इंसानों पर नहीं, बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों पर भी उतना ही भारी पड़ रहा है। यदि हम उनके लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें तो यह हमारे मानवीय कर्तव्यों की पूर्ति होगी। प्रत्येक आंगन में परिंडा लगाया जाए, पेड़ों पर पानी के पात्र बाँधे जाएं और समाज सेवा के इस कार्य में हम सब एकजुट हों। यह न सिर्फ जीव सेवा है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक अहम कदम है।" उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं से अपील कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं। गर्मी के इस मौसम में जलस्रोतों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है। जल संरक्षण, जीवन संरक्षण का आधार है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि समाज की असली ताकत उसकी संवेदनशीलता में होती है। यह अभियान हमें सिखाता है कि बेजुबान पक्षियों के लिए एक छोटी सी कोशिश, उनके जीवन को बचा सकती है। जब हर घर, हर छत, हर पेड़ पर परिंडे होंगे तो हमारे आसमान में चहचहाहट बनी रहेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पूर्वज छतों पर पुराने मटकों और बर्तनों में पानी भरकर पक्षियों की सेवा किया करते थे। आज उसी परंपरा को जीवित रखने का प्रयास इस अभियान द्वारा किया जा रहा है। यह अभियान लोगों में सेवा भावना जगाने वाला है और हमें उम्मीद है कि आमजन इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। इस कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों, बालकनियों और आसपास के स्थानों पर परिंडे लगाएंगे और नियमित रूप से उनमें दाना-पानी भरेंगे।

### जयपुर जिले की समीक्षा बैठक आयोजित

# योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ मिले- राज्यपाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की पहचान कर पूर्ण पारदर्शिता से योजनाओं का लाभ आम जन को मिले। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जयपुर में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ रास्ता खोलने का अभियान, डेयरी और शिक्षा क्षेत्र में महती काम हुए हैं। ये अनुकरणीय हैं। उन्होंने खेती में रसायनों के उपयोग से कैंसर जैसे होने वाले भयावह रोगों के प्रति काश्तकारों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता और बढ़ाई जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा सीखने की नींव हैं। इसमें सिखाने की व्यावहारिक पद्धतियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि लॉर्ड मैकाले द्वारा पारंपरिक भारतीय शिक्षा को बदल कर ऐसी शिक्षा व्यवस्था देश में लागू की गई जिससे हमारे नैतिक मूल्य और प्रामाणिकता पर प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर से ही अब ऐसे प्रयास हों कि बच्चे प्राचीन ज्ञान की हमारी समृद्ध परंपरा से जुड़ सकें। राज्यपाल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिले की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काश्तकार, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं का आंकड़ों में ही नहीं व्यावहारिक रूप में क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने दुग्ध संग्रहण के अंतर्गत पशुपालकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु और प्रयास किए जाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने पंच गौरव के अंतर्गत जयपुर जिले में कबड्डी के खेल मैदान विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणादायक हैं। दूसरे जिलों में भी स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने किए ऐसे कार्य होने चाहिए। उन्होंने रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्रेवल सड़कों के निर्माण और वहां गांव की प्रतिभाशाली बेटियों के नाम से पिलर बनाने को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2023-2024 तक जिले में 12789 आवासों की निर्माण किया गया है। राज्यपाल ने निर्मित आवासों की समीक्षा करते हुए इनमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को इस योजना से अधिकाधिक लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, बायोगैस प्लांट निर्माण और गांवों में स्वच्छता के लिए हो रहे कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए योजनागत कार्य किए जाने के साथ आम जन को स्व प्रेरणा से स्वच्छता की आदत डालने हेतु जागरूक भी किया जाए। राज्यपाल ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जीवन स्तर में सुधार के लिए व्यक्तिगत प्रयासों के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलने वाले वैयक्तिक लाभ की गणना किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के साथ उनके उत्पाद आम जन द्वारा उपयोग करने की मानसिकता का विकास करने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने महिला समूह द्वारा अकाउंटिंग रखने और लाभ गणना के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रयास करें कि पेयजल से कोई भी घर वंचित नहीं रहे। उन्होंने अटल भूजल योजना के अंतर्गत भू जल संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए लोगों को जागरूक कर सूर्य से बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राज्यपाल ने जिले में एक माह नो एक्सीडेंट के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते नींद आने की स्थितियों को रोके जाने पर भी विशेष रूप से कार्य किए जाने की हिदायत दी। जिला कलक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने इस सुझाव को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले की सौ सड़कों को चिन्हित कर इस दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर में आकस्मिक दुर्घटनाओं वाले 88 स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे आदमी बीमार होता है, वैसे ही मिट्टी भी अस्वस्थ होती है। इस दिशा में सोयल हेल्थ कार्ड के लिए लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बस्सी में ग्रीन हाउस निर्माण को महत्वपूर्ण बताया। जिला कलेक्टर ने बताया कि राजस्थान के 40 प्रतिशत ग्रीन हाउस अकेले जयपुर में हैं। राज्यपाल ने इसकी सराहना की। राज्यपाल बागडे ने बैठक में जिले में दुग्ध संग्रहण के साथ पशुपालकों को इनसे मिलने वाले लाभ के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने सरस उत्पादों की जानकारी ली और इस बात पर प्रसन्नता जताई कि जयपुर डेयरी का प्रतिवर्ष 200 करोड़ से अधिक का राजस्व लाभ होता है। राज्यपाल ने गांवों में दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाए जाने और दूध देने वाले पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गौशालाओं के साथ जिले में नंदिशाला भी खोले जाने पर जोर दिया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बैठक में नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि मातृ भाषा में शिक्षा, छात्रावास में व्यायाम शाला, खेलकूद सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सांसद, विधायक निधि से सुविधाओं का विस्तार किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने भीख मांगने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। प्रतिभावान कमजोर आय वर्ग के बच्चों को कोचिंग, स्कॉलरशिप आदि से लाभान्वित कर उन्हें आगे बढ़ाए जाने का भी उन्होंने आह्वान किया। श्री बागडे ने पीएम स्वनिधि के तहत रेडी वालों, कमजोर आय वर्ग के लोगों को स्व उद्योग के लिए प्रोत्साहित करने, कौशल विकास के तहत युवाओं को अधिकाधिक प्रशिक्षित कर उनकी विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी इस दौरान उपस्थित रहे। आरंभ में जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया।

## जयपुर में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट अभ्यास

### जिला प्रशासन ने की नागरिकों से सहयोग की अपील

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केन्द्र और राज्य सरकार के निर्देश पर जयपुर जिले के एक विशेष क्षेत्र में शनिवार, 31 मई को "ऑपरेशन शील्ड" के तहत मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट अभ्यास आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास ड्रोन से संभावित हवाई हमले की स्थिति में राहत एवं बचाव की तैयारियों को परखने के लिए किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे ब्लैक आउट के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें स्वेच्छा से बंद कर प्रशासन का सहयोग करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष मीणा ने बताया कि चिन्हित क्षेत्र में सायरन बजाकर नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी। ब्लैक आउट के दौरान सभी नागरिक घरों में रहें, बाहर न निकलें, लाइट, मोबाइल, टॉर्च आदि का प्रयोग न करें, और भगदड़ से बचें। वाहनों की लाइट बंद कर वहीं रुकने की सलाह दी गई है। सायरन की ऊंची-नीची आवाज से खतरे की सूचना और एकसमान आवाज से खतरे के समाप्त होने की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों से बचने, निर्देशों का पालन करने और सिविल डिफेन्स वार्डनों का सहयोग करने का आग्रह किया है। अन्य क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य रहेगा।

## भीषण गर्मी से बचाव के लिए अस्थाई रैन बसेरों का हो संचालन

### सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला-जयपुर ने निर्देश किये जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला- जयपुर के सचिव पवन कुमार जीनवाल ने समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए भीषण गर्मी में बचाव के लिए अस्थाई रैन बसेरों के संचालन के निर्देश जारी किये हैं। राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा उच्चतम न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना में पवन कुमार जीनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला ने संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर जयपुर, नगर निगम आयुक्त जयपुर हैरिटेज तथा जयपुर ग्रेटर व जयपुर ग्रामीण की विभिन्न नगरपालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को शहर में भीषण गर्मी एवं हीटवेव से बचाव के लिए अस्थाई रैन बसेरों के संचालन के निर्देश दिये हैं। पवन कुमार जीनवाल ने गर्मी की चपेट में आने से मरीजों की संख्या में लगातार होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए अस्पतालों में भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों, बाहर से काम ढूंढ़ने आने वाले हजारों लोगों व अन्य आमजन को गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु सर्दी की भांति ही अस्थाई रैन बसेरे खुलवाने तथा उनमें गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाऐं जैसे पीने के पानी की व्यवस्था, पंखे-कूलर की व्यवस्था व अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये हैं ताकि कि आमजन को राहत प्रदान की जा सके।

## देश की सेना के सम्मान में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

**नरैना(निसं)।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सेना द्वारा दुश्मन देश पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारने व आतंकवादियों के ठिकाने नष्ट करने के उपलक्ष्य में देश की सेना के सम्मान में कस्बेवासियों ने उल्लास व उमंग के साथ शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। शौर्य तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः रामलीला मैदान पहुंचकर विसर्जित हुई। हाथों में तिरंगा थामे युवा उत्साह से डीजे पर बज रहे देशभक्ति तरानों पर जोश के साथ झूमते नजर आयें। शौर्य तिरंगा यात्रा के दौरान युवा देशभक्ति से ओतप्रोत होकर देशभक्ति के नारे लगाते चल रहें थे। लगभग पांच छः दर्जन मोटरसाइकिलों के अलावा काफी संख्या में युवा पैदल चल रहे थे। शौर्य तिरंगा यात्रा का कस्बेवासियों ने जगह जगह पर स्वागत किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर, पंचायत समिति पावटा (जयपुर)**

क्रमाक- ग्रा.पं.वी./निविदा/2025-26/53 दिनांक- 30/05/25.

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत सवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी वाई श्रेणी के सवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www. eproc. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

UBN - ZJP2526WSOB00722
ZJP2526WSOB00723
ZJP2526WSOB00724
ZJP2526WSOB00725

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर
पं. स. पावटी (कोटपूतली- पहरोड), राज.

प्रशासक
ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर
पं. स. पावटी (कोटपूतली- पहरोड), राज.


## डॉ. सौम्या गुर्जर ने ब्राज़ील में BRICS+ सम्मेलन में भारत का किया प्रतिनिधित्व, रूस के शहर से सहयोग समझौता

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने ब्राज़ील में आयोजित ब्रिक्स प्लस एसोसिएशन ऑफ सिटीज एंड म्यूनिसिपैलिटी की जनरल असेंबली में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश की सांस्कृतिक विरासत, स्मार्ट शहरी योजनाओं और विकासशील भारत की भावना को विश्व मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान डॉ. गुर्जर ने रूसी संघ के सेवेरोडविंस्क (आर्खान्जेल्स्क क्षेत्र) शहर के प्रमुख श्री इगोर वी. आर्सेंटयेव के साथ सहयोग के आशय पत्र (लैटर ऑफ इंटेंट) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों नगरों के बीच आपसी सहयोग, संस्कृतिक संबंध, तथा शहरी नवाचार के क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों पक्षों ने भविष्य में निरंतर संवाद और समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। डॉ. गुर्जर ने अपने संबोधन में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित "विकसित भारत" की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज तेज़ी से प्रगति, नवाचार और स्थायित्व की ओर अग्रसर है। उन्होंने भारत की प्राचीन संस्कृति और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' यानी "संपूर्ण विश्व एक परिवार है" के संदेश को दोहराते हुए वैश्विक समुदाय से शांति, सहयोग और समरसता बनाए रखने की अपील की। अपने उद्बोधन में उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा शांति और अहिंसा का पक्षधर रहा है, लेकिन राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि चाहे वह 9/11 हो या 26/11, आतंकवाद की जड़ें आज भी हमारे पश्चिमी पड़ोसी पाकिस्तान से जुड़ी हैं। उन्होंने BRICS देशों सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि ऐसे कृत्यों की कड़ी निंदा करें और पाकिस्तान को चेताएं कि वह अपनी ऊर्जा विकास कार्यों में लगाए न कि शांति प्रयासों में बाधा डालने में। डॉ. गुर्जर की यह यात्रा भारत की नगरपालिकाओं की वैश्विक सहभागिता, मैत्रीपूर्ण सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति बनकर सामने आई है।

## ऑपरेशन शील्ड मॉक ड्रिल को लेकर मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए अहम निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्य में नागरिक सुरक्षा के तहत शनिवार को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल "ऑपरेशन शील्ड" की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए ड्रिल की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सायरन और संचार प्रणाली को पूर्णतया दुरुस्त रखा जाए तथा आपातकालीन परिस्थितियों में एक्शन रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम करने के लिए अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित प्रथम नागरिक सुरक्षा अभ्यास से मिले अनुभवों के आधार पर इस बार की मॉक ड्रिल को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने सभी सिविल डिफेंस नियंत्रकों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ड्रिल एवं ब्लैकआउट का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान रियल टाइम परिदृश्य तैयार करने और ब्लैकआउट के समय व स्थान को गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए गए। पंत ने अधिकारियों से गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुरूप समन्वय बनाए रखते हुए आपदा प्रबंधन, संचार एवं नागरिक सुरक्षा प्रणालियों को मजबूती देने पर जोर दिया। बैठक में नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा ने मॉक ड्रिल में एयरफोर्स, चिकित्सा, ऊर्जा, पुलिस, स्थानीय निकाय और जिला प्रशासन की भूमिकाओं की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, डीजीपी यू.आर. साहू, इंटेलिजेंस डीजी संजय अग्रवाल, एडीजी कानून-व्यवस्था विशाल बंसल, प्रसारण निगम एमडी नथमल डिडेल सहित सेना, एयरफोर्स और नागरिक सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसपी आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## फुलेरा में घटते पेड़ों की संख्या पर चिंतन शिविर, आज निकाली जाएगी पर्यावरण यात्रा



### 11 लाख पौधे लगाने का रखा गया लक्ष्य

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** क्षेत्र में लगातार घट रही पेड़ों की संख्या को लेकर फुलेरा निवासी पर्यावरण प्रेमी अमर भहड़ा ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की अहमियत को समझना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। इसी उद्देश्य से एक विशेष पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत बंदे के बालाजी से रेनवाल क्षेत्र के प्रत्येक गांव और ढाणी में पौधों का वितरण किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत आमजन को पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। अमर भहड़ा ने जानकारी दी कि इस अभियान की शुरुआत के तौर पर शनिवार को दोपहर 1.00 बजे एक पर्यावरण यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। इस मुहिम के अंतर्गत 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। अमर भहड़ा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस यात्रा में भाग लें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## पीड़ित पक्ष को ब्याज सहित कुल 16.76 लाख रूपए का अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में कुल ब्याज सहित 16.76 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया। अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि मृतक सत्यनारायण निवासी पुलासर 3 अप्रैल 2017 को विक्रम सिंह के साथ सातमील से ग्राम गाजुवास गडाणा मोटरसाईकिल पर सवार होकर जा रहे थे, जब प्रभुराम के खेत के पास रोही गाजुवास के पास पहुंचे तो मोड पर मोटरसाईकिल पलट गई जिससे सत्यनारायण के गंभीर चोटें आई, सत्यनारायण को अस्पताल लाया गया, गंभीर चोटें लगने के कारण एस.एम.एस. अस्पताल जयपुर के लिए रैफर कर दिया। 12 अप्रैल 2017 को ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। तारानगर पुलिस थाने में उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई जिसमें बाद अनुसंधान अप्रार्थी संख्या 3 विक्रम सिंह की उपेक्षा व लापरवाही से दुर्घटना होना पाया, उसके विरूद्ध धारा 279, 304 ए भा.दं.सं. में आरोप पत्र पेश किया गया। मृतक की ओर से उसके वारिसान ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की, जो मीरा आदि बनाम नेशनल इंश्योरेंस क. लि. आदि पेश की, जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आए साक्ष्य के आधार पर प्रार्थीगण के पक्ष में ब्याज सहित कुल 16.76 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया।

## एकलव्य संस्कार केंद्र संचालकों के साक्षात्कार एवं परीक्षा सम्पन्न

**बिजौलियां।** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद् द्वारा बिजौलियां तहसील डाबी क्षेत्र तथा रावतभाटा तहसील के विभिन्न गांवों में एकलव्य संस्कार केंद्र संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों को संचालित करने वालों का साक्षात्कार एवं परीक्षा डाबी विंधेश्वरी माता मंदिर पर जिला अध्यक्ष रूपचंद चौहान और पर्यवेक्षक भंवरलाल भील के सानिध्य में तथा सबरी आश्रम दूधीतलाई रावतभाटा में जिला मंत्री हर बहादुर सिंह , जिला उपाध्यक्ष रामलाल भील , विभाग श्रद्धा जागरण प्रमुख अर्जुन लाल,आश्रम प्रमुख विक्रम सिंह भील व हेमराज भील रावतभाटा के सानिध्य में संपन्न हुए।25 कार्यकर्ताओं में से 15 को चयनित कर केंद्र संचालन के लिए तय किया गया है। चयनित कार्यकर्ताओं का केंद्र संचालन करने हेतु प्रशिक्षण पिंडवाड़ा उदयपुर में 3 जून से 10 जून तक होगा।संस्कार केंद्र रावतभाटा में 8 गांवों में तथा डाबी और बिजौलियां के 7 गांवों में संचालित किए जाएंगे।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट आज

### आपातकालीन तैयारियों की जांच के लिए चिन्हित स्थानों पर 15 मिनट का ब्लैकआउट

जयपुर टाइम्स



झुंझुनूं(निस)। नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में शनिवार को 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करना और आमजन को सुरक्षा प्रक्रियाओं से अवगत कराना है। इसके तहत जिले के कुछ चिन्हित स्थानों पर 15 मिनट का ब्लैकआउट किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के सभी जिलों को मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में झुंझुनूं जिले के अधिकारी भी उपस्थित रहे। झुंझुनूं के जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने पर लोगों को अपने घरों की लाइटें बंद करनी होंगी। ब्लैकआउट की अवधि लगभग 15 मिनट की होगी और यह पूर्णतः एक अभ्यास है, जिससे नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभ्यास में पूर्ण सहयोग करें ताकि भविष्य में किसी भी आपदा या संकट की स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जा सके। कलक्टर मीणा ने कहा कि इस अभ्यास के जरिए हम यह परखना चाहते हैं कि जिले की सुरक्षा व्यवस्थाएं और आपदा प्रबंधन प्रणाली कितनी प्रभावी हैं। इसमें नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यह मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी और इससे संबंधित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस के कार्मिकों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं, एन.सी.सी, एन.एस.एस, एनवाईकेएस, स्काउट्स व गाइड्स से जुड़े युवा स्वयंसेवक भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इनके साथ स्थानीय प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और अन्य आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियां भी इस अभ्यास में भाग लेंगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, एडिशनल एसपी देवेंद्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत, झुंझुनूं एसडीएम सवाई सिंह यादव, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, सीओ स्काउट महेश कालावत, और राजस्थान रोडवेज के प्रबंधक गणेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की सफलता के लिए समन्वय स्थापित करने, जनजागरूकता बढ़ाने और तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, आपातकालीन सेवाओं जैसे फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और संचार माध्यमों को भी तैनात किया जाएगा ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन बेहतर ढंग से किया जा सके।

# अंतर सैन्य सेवा संगठन अधिनियम - ऑपरेशन सिन्दूर के बाद रक्षा तैयारियों और सैन्य दक्षता को मिलेगा बल

अन्ततः भारत ने सैन्य क्षेत्र में थियेटर कमान की स्थापना और थियेटर कमांडर की नियुक्ति करने का महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के बाद रक्षा बजट में वृद्धि के प्रस्ताव और पांचवी पीढ़ी के आक्रामक गहराई से



हरीश शिवनानी

भेदने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट' परियोजना को मंजूरी देने के साथ यह एक सामयिक सामरिक निर्णय है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और भारत की सीमाओं के पास पसरे शत्रुओं के अतीत और इरादों को देखते हुए यह कदम पहले ही उठाने की ज़रूरत थी।

सरकार ने डेढ़ वर्ष से लंबित थियेटर कमान के गठन की जमीनी तैयारियों का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। केंद्र ने अंतर सेवा संगठन अधिनियम (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) यानी (इंटर सर्विसेज़ ऑर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन एक्ट 2023)) बुधवार को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया। यह थियेटर कमान के गठन का प्रथम चरण है।

ज़ाहिर है,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने अपनी रक्षा तैयारियों को और मजबूती प्रदान करनी शुरू कर दी है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने सेनाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए ?थियेटर कमान के गठन का निर्णय पहले कर लिया था। इसके तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं की तीनों सेवाओं की ऐसी कमानें गठित होंगी, जिसमें थल,नभ,जल सेना सहित अर्धसैनिक बलों को भी शामिल किया जा सकता है।

यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित सामरिक महत्व का सुधार है जो भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए सैन्य संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए है। संसद द्वारा 2023 को पारित इस अधिनियम को इस 27 मई को सरकार ने भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया। इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य एक निश्चित भौगोलिक इकाई में सेना के तीनों अंगों के एक समूह को प्रभावी कमांड, सटीक नियंत्रण और कुशल कामकाज को बढ़ावा देना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बेहतर होगा। यह अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को मजबूत और प्रभावी बनाएगा।

दरअसल 'थिएटर कमान' का अर्थ है एक क्षेत्रीय इकाई में सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित संचालन के लिए एक ही कमांडर के अधीन एकीकृत करना। यह एक ऐसी सैन्य संरचना है, जो विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय और दक्षता को बढ़ाएगी। सैन्य क्षेत्र में थिएटर कमान में 'थिएटर' का मतलब एक 'विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र' से है, जहां सैन्य अभियान या ऑपरेशन किए जाते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां युद्ध, सैन्य रणनीति, या सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां केंद्रित होती हैं। 'थिएटर' शब्द का उपयोग सैन्य संदर्भ में इसलिए किया जाता है क्योंकि यह एक युद्ध क्षेत्र या ऑपरेशनल क्षेत्र को दर्शाता है, जैसे कि एक नाटक के मंच की तरह, जहां सभी नाटक के सभी भागों,आयामों,पहलुओं की गतिविधियां एक निर्देशक के निर्देश में समन्वित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न होती हैं।

थिएटर कमांड की स्थापना एकीकृत बल प्रयोग, परिचालन दक्षता और संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा 2025 के लिए चुने गए नौ क्षेत्रों में से एक है, जिसे मंत्रालय ने 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।

रक्षा मंत्रालय द्वारा 27 मई को थिएटर कमान के संदर्भ में जो अधिनियम लागू हुआ, वो थिएटर कमांड की स्थापना के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। इस अधिनियम से तीन भौगोलिक कमान (उत्तरी, पश्चिमी, समुद्री) प्रस्तावित किए गए हैं। लखनऊ में चीन-केंद्रित उत्तरी थिएटर कमान, जयपुर में पाकिस्तान-केंद्रित पश्चिमी थिएटर कमान और तिरुवनंतपुरम में हिन्द महासागर या तटीय थिएटर कमान स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो 'एक सीमा, एक बल' की अवधारणा के अनुरूप होगा। प्रत्येक थिएटर कमान में सेना, नौसेना, और वायुसेना की इकाइयां एकीकृत रूप से काम करती हैं, ताकि उस क्षेत्र में सैन्य रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कमान का सर्वोच्च अधिकारी 'थियेटर कमांडर' होता है जो एक सैन्य अधिकारी होता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (थियेटर ऑफ ऑपरेशन) में सैन्य अभियानों का नेतृत्व करता है। और उस क्षेत्र में सभी सैन्य बलों (सेना, नौसेना, वायुसेना) के संचालन को समन्वयित करता है। यह एक परिचालन कमांडर की (ऑपरेशनल) भूमिका है, जो युद्ध या संकट के दौरान रणनीति और कमान को लागू करती है।

इन कमानों के लिए चुने गए थियेटर कमांडर सामान्य रूप से थलसेना से लेफ्टिनेंट जनरल, नौसेना से वाइस एडमिरल या वायुसेना से एयर मार्शल स्तर का अधिकारी हो सकता है, जिसे कमांड की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह एक एग्जीक्यूटिव पद है, जो विशिष्ट थियेटर के लिए ही गठित होगी, स्थायी नहीं।

पहले के सशस्त्र बलों के कानूनी ढांचे में त्रि-सेवा मामलों में निश्चित विधिक सीमाएं निर्धारित थीं, क्योंकि एक सेवा के अधिकारी को दूसरी सेवा के कर्मियों पर अनुशासनात्मक और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार नहीं था। उदाहरण के लिए, एक संयुक्त कमांड का नेतृत्व करने वाला तीन-सितारा जनरल अपने अधीन सेवा करने वाले वायु सेना या नौसेना कर्मियों न कोई निर्देश दे सकता था न ही उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकता था। ऐसी शक्तियों की कमी का कमांड, नियंत्रण और अनुशासन पर सीधा प्रभाव पड़ता था।थियेटर कमानों की स्थापना से अब स्थिति बदल जाएगी। थिएटराइजेशन अभियान का नेतृत्व रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं।

दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। प्रत्येक कमांड का नेतृत्व एक थियेटर कमांडर करता है, जो संयुक्त अभियानों के लिए जिम्मेदार होता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है। वर्तमान में सात जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांड हैं। रूस में थियेटर कमांडर की अवधारणा सैन्य जिलों (मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट) के रूप में है। वर्तमान में चार सैन्य जिले हैं जिनका नेतृत्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी करते हैं। नाटो गठबंधन में 'सुप्रीम एलाइड कमांडर' की भूमिका होती है, जैसे सुप्रीम एलाइड कमांडर यूरोप और सुप्रीम एलाइड कमांडर ट्रांसफॉर्मेशन। ये थियेटर कमांडर के समकक्ष हैं।

# कलम का रणघोषः पत्रकारिता का वर्तमान, संघर्ष और ज़िम्मेदारी

डॉ सत्यवान सौरभ

जिस देश ने 'वसुधैव कुटुंबकम्' का आदर्श दिया, उस देश में पत्रकारिता कोई पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक यज्ञ है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाने वाली पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को सत्य से जोड़ने वाला सेतु है। 30 मई का दिन, पत्रकारिता दिवस, हमें उस विरासत की याद दिलाता है जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज के डिजिटल युग तक सत्य की मशाल थामे चली आ रही है।

**इतिहास की स्याही में भीगती कलम**

भारत में पत्रकारिता का इतिहास कोई नया नहीं है। 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाशित उदंत मार्तंड हिंदी का पहला समाचार पत्र था। यह वह युग था जब अंग्रेज़ी हुकूमत की जंजीरों के बीच भी कलम सच्चाई की आवाज़ बनकर उभरी। बाल गंगाधर तिलक, गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबू विजय सिंह पाठक, और महात्मा गांधी जैसे योद्धा पत्रकारिता के माध्यम से जनचेतना फैलाते रहे।

गांधी ने तो पत्रकारिता को 'जनसेवा का माध्यम' कहा था। यंग इंडिया, हरिजन और इंडियन ओपिनियन जैसे पत्रों ने न केवल ब्रिटिश राज की नींव हिलाई, बल्कि भारतीय आत्मा को जगाने का कार्य किया।

**वर्तमान परिदृश्य जब समाचार 'तत्काल प्रसारण' से टूटने लगे**

आज पत्रकारिता का चेहरा पूरी तरह बदल गया है। समाचार केंद्र अब सूचना केंद्र नहीं, बल्कि धनकुबेरों के प्रवक्ता बनते जा रहे हैं। "तत्काल प्रसारण" की होड़ में संवेदनशीलता, तथ्य और संतुलन की बलि चढ़ रही है।

आज दर्शक संख्या और क्लिक की भूख ने खबर को तमाशा बना दिया है। प्रस्तोता अब विचारक नहीं, चिल्लाने वाले सेनापति बन गए हैं। संवाद अब ज्ञान नहीं, गाली में बदल चुके हैं। जनता को सोचने नहीं, भड़कने के लिए उकसाया जा रहा है।

**धनकुबेरों की जेब में बंद पत्रकारिता**

भारत में अब अधिकांश बड़े समाचार संस्थान उद्योगपतियों के अधीन हो गए हैं। उनकी संपादकीय स्वतंत्रता अब लाभ के आंकड़ों पर टिकी होती है। शासन की आलोचना करना अब देशद्रोह बन गया है। प्रचार पाने के लिए सरकारों की जय-जयकार करना अब 'पत्रकारिता' कहा जाने लगा है।

जो पत्रकार किसान, मजदूर, आदिवासी, महिलाओं या पर्यावरण की बात करता है, वह किनारे कर दिया जाता है। कुछ चैनल तो खुलेआम सत्ताधारियों के प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं।

**संगणकीय युग और सामाजिक माध्यम की चुनौती**

संगणकीय (डिजिटल) माध्यम और सामाजिक मंचों ने एक ओर जहाँ सूचना को जनसुलभ बनाया है, वहीं झूठी खबरों, अफवाहों और घृणा के व्यापार को भी जन्म दिया है। अब हर मोबाइलधारी व्यक्ति पत्रकार कहलाता है, लेकिन उत्तरदायित्व का बोध कम ही लोगों में है।

फेसबुक की पोस्ट और व्हाट्सएप के संदेशों के ज़रिए असत्य को सत्य और सत्य को असत्य बना दिया जाता है। आम नागरिक अब भ्रमित है – क्या सच है, क्या षड्यंत्र?

**ज़मीनी पत्रकार जो खतरों से खेलते हैं**

एक ओर वातानुकूलित कक्ष में बैठा प्रस्तोता रोज़ देशभक्ति के भाषण देता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में, सीमावर्ती क्षेत्रों में, आदिवासी अंचलों में पत्रकार जान जोखिम में डालकर समाचार जुटा रहे हैं। छत्तीसगढ़, मणिपुर, कश्मीर और उत्तर-पूर्व भारत में कई स्वतंत्र पत्रकारों को या तो बंदी बनाया गया, या लापता कर दिया गया। पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या इसका सबसे डरावना उदाहरण रही।

लोकतंत्र में जहाँ पत्रकार की कलम सबसे सशक्त शस्त्र होनी चाहिए, वहीं भारत अब पत्रकारों के लिए सबसे अधिक जोखिम वाले देशों की सूची में लगातार ऊपर बढ़ रहा है।

**महिला पत्रकारों की अनदेखी**

महिला पत्रकारों के लिए कठिनाइयाँ दोगुनी हैं। उन्हें न केवल पेशेगत दबावों का सामना करना पड़ता है, बल्कि लिंग आधारित भेदभाव, उत्पीड़न और बदनामी का भी।

संगणकीय मंच पर स्वतंत्र लेखन कर रहीं महिला पत्रकारों को अक्सर व्यक्तिगत हमलों, बलात्कार की धमकियों और चरित्र हनन का सामना करना पड़ता है। यह लोकतंत्र की गंभीर विफलता है।

**पत्रकारिता की दिशा बदलने की आवश्यकता**

अब प्रश्न यह है कि क्या पत्रकारिता की आत्मा मर चुकी है? नहीं। आज भी कुछ निडर पत्रकार हैं जो सत्य के लिए जेल तक जा रहे हैं। रवीश कुमार, सिद्धार्थ वरदराजन, मृणाल पांडे, नीलांशु शुक्ला, अनुराधा भसीन, जैसे कई नाम हैं जो जनहितकारी पत्रकारिता को जीवित रखे हुए हैं।

आवश्यकता है इस परंपरा को पुनर्जीवित करने की। आवश्यकता है जनता की भागीदारी की – क्योंकि पत्रकारिता केवल पत्रकारों की नहीं, पूरे समाज की नैतिक ज़िम्मेदारी है।

**जनता क्या कर सकती है?**

समाचार साक्षरता बढ़ानी होगी ताकि लोग झूठी खबरों और सत्य में अंतर समझ सकें।

स्वतंत्र पत्रकारों को आर्थिक सहयोग देना होगा – सदस्यता (सब्सक्रिप्शन) के माध्यम से।

नफ़रत और भ्रम फैलाने वाले प्रचारकों का बहिष्कार करना होगा।

पत्रकारों पर अत्याचार के समय मौन नहीं रहना होगा।

**पत्रकारिता दिवस का सच्चा अर्थ**

पत्रकारिता दिवस केवल शुभकामनाओं का दिन नहीं, आत्मचिंतन का अवसर है।

क्या हम पत्रकारिता को फिर से आज़ाद कर पा रहे हैं?

क्या हम सत्य बोलने वालों के साथ खड़े हो पा रहे हैं?

क्या हम 75 वर्षों के बाद भी एक निर्भीक मीडिया का सपना साकार कर पाए हैं?

यह समय केवल प्रश्न पूछने का नहीं, बल्कि कलम को फिर से शंखनाद बनाने का है।

**कलम झुके नहीं, बिके नहीं**

एक पत्रकार का कार्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि सत्ता से प्रश्न करना है। पत्रकारिता का धर्म है – जनता के पक्ष में खड़ा रहना, जब सभी चुप हो जाएं।

आज जब दुनिया "सत्योत्तर युग" की ओर बढ़ रही है, तब भारत को ऐसी पत्रकारिता चाहिए जो किसी भी सत्ता, उद्योगपति या प्रचार सेना की गुलाम न हो।

जिस दिन हर पत्रकार अपनी कलम को शासन की सेवा में नहीं, समाज की सच्चाई के लिए उठाएगा – वही दिन पत्रकारिता दिवस का सच्चा उत्सव कहलाएगा।

# जनसंख्या विस्तारः भारत की महिलाओं पर मौन बोझ

विजय गर्ग

1.45 बिलियन की आबादी के साथ, भारत ने 2023 में दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के लिए चीन को पीछे छोड़ दिया।

फिर भी, विरोधाभासी रूप से, देश में अधिक बच्चे पैदा करने के लिए बढ़ती कोलाहल है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख ने जोड़ों से कम से कम तीन बच्चे पैदा करने को कहा है. वह अकेला नहीं है। आंध्र प्रदेश (एपी) और तमिलनाडु (टीएन) के मुख्यमंत्री भी अपने राज्यों के लोगों से अपने पारिवारिक आकार को बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं। ऐसी मांगों के लिए दिए गए कारणों में से एक है प्रजनन दर में गिरावट, खासकर एपी और टीएन में। कुल प्रजनन दर (टीएफआर) इन दोनों दक्षिणी राज्यों में प्रति महिला दो जन्मों के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है।

दशकों से दो बच्चों या उससे कम के लिए जोर देने के बाद, ज्यादातर महिलाओं को लक्षित करने वाली जबरदस्ती परिवार नियोजन नीतियों के माध्यम से, अब जब 29 राज्यों में से 17 में वांछनीय टीएफआर प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त हो गया है, तो यह अब वांछनीय क्यों नहीं है?

एपी और टीएन के लिए, यह संसदीय सीटों और राजनीतिक दबदबे पर हारने का डर है।

1976 में हर राज्य की संसदीय सीट का हिस्सा उनकी 1971 की आबादी के आधार पर 25 साल के लिए जम गया था.

यह उन्हें आश्वस्त करना था कि यदि जनसंख्या को कम करने के लिए नीतियों को लागू करने के परिणामस्वरूप उनकी आबादी कम हो जाती है, तो संसदीय सीटों का उनका कोटा नहीं बदलेगा।

2001 में, जब यह सीट शेयर नीति समीक्षा के कारण थी, तो 25 वर्षों के लिए राज्य की आबादी के बावजूद समान सीटों के साथ जारी रखने का निर्णय लिया गया था।

पिछले एक साल से, ऐसे संकेत मिले हैं कि यह अगले साल (2026) को बदलने वाला है जब इसकी समीक्षा होने वाली है। जनसंख्या-आधारित परिसीमन के साथ, एपी और टीएन की संसदीय सीटें तेजी से गिरेंगी। आबादी वाले उत्तरी राज्यों ने जनसंख्या वृद्धि को धीमा करने के साथ-साथ प्रदर्शन नहीं किया है, दक्षिणी राज्यों की कीमत पर लाभ होगा जिन्होंने अपने टीएफआर को नीचे लाने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

यह कहा गया है, संघवाद की भावना के खिलाफ होगा। इन सभी तर्कों में, एक बार भी इस बात का कोई उल्लेख नहीं किया गया है कि इसका महिलाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा, हालांकि वे वे हैं जो जनसंख्या नीतियों के केंद्र में हैं।

यहां तक कि जब 1992 में दो-बच्चे की नीति शुरू की गई थी, तो केवल दो या कम बच्चों वाले लोगों को पंचायत और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों में लड़ने की अनुमति दी गई थी, महिलाओं के प्रजनन और मानवाधिकारों के बारे में कोई विचार नहीं दिया गया था। अगर महिलाएं उम्मीदवार होती और उनके दो से ज़्यादा बच्चे होते तो उन्हें गर्भपात कराना पड़ता या अपने बच्चे को छोड़ देना पड़ता. यदि वे प्रतियोगियों के जीवनसाथी थे, तो उन्हें जबरन गर्भपात या परित्याग का सामना करना पड़ा। वे दोनों स्थितियों में पीड़ित थे। यह दिखाने के लिए कई उदाहरण और अध्ययन हैं कि दो-बच्चे के आदर्श पितृसत्ता की पारंपरिक संरचनाओं को लाभ और मजबूत करते हैं।

फिर भी, यह जनसंख्या 'नियंत्रण' के नाम पर कई राज्यों में जारी है। अब जब कुछ राजनीतिक निर्णय लेने वाले जनसंख्या में वृद्धि चाहते हैं, तो कुछ राज्यों में एपी का पालन करने की संभावना है, जिसने हाल ही में दो-बच्चों के आदर्श के साथ दूर किया है। लेकिन क्या इस फ़ैसले से महिलाओं को फ़ायदा होगा? कन्या भ्रूण हत्या और पुत्र वरीयता कानूनों के बावजूद गंभीर वास्तविकता बनी हुई है। पिछले महीने, हरियाणा सरकार ने लड़कियों के खिलाफ घटते लिंगानुपात के जवाब में सेक्स-चयनात्मक गर्भपात और प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक (पीएनडीटी) अधिनियम के उल्लंघन को रोकने के लिए प्रत्येक जिले में समर्पित पुलिस कोशिकाओं की स्थापना की घोषणा की।

चिंताजनक रूप से, यह सिर्फ हरियाणा में नहीं है जहां गर्भ में महिला बच्चे को मार दिया जाता है। कौन गारंटी दे सकता है कि अधिक बच्चों के जन्म को प्रोत्साहित करने से महिलाओं के प्रजनन और यौन स्वास्थ्य और अधिकारों का अधिक उल्लंघन नहीं होगा?

बातचीत के लिए महिलाओं के प्रजनन अधिकार क्यों होने चाहिए जब यह वे हैं जिन्हें यह तय करने का अधिकार है कि वे कब और कितने बच्चे चाहते हैं?

# कक्षा 12 में औसत अंकों के साथ छात्रों के लिए शीर्ष कैरियर पथ

विजय गर्ग

जॉब मार्केट अब गतिशील, कौशल-आधारित विकल्पों के साथ काम करता है जो रचनात्मकता, नवाचार और व्यक्तिगत हितों को महत्व देते हैं। जॉब मार्केट अब गतिशील, कौशल-आधारित विकल्पों के साथ काम करता है जो रचनात्मकता, नवाचार और व्यक्तिगत हितों को महत्व देते हैं। पीढ़ियों से, हमें यह विश्वास करने के लिए वातानुकूलित किया गया है कि अंक सफलता का अंतिम उपाय हैं। यह विचार कि केवल शीर्ष स्कोरर जीवन में महान चीजों को प्राप्त करते हैं, गहराई से अंतर्वर्धित हो गए हैं, यह आकार देते हुए कि युवा शिक्षार्थियों को कैसे निर्देशित और आंका जाता है। लेकिन जैसा कि ब्रूस ली ने प्रसिद्ध कहा, "सफल योद्धा औसत आदमी है, जिसमें लेजर जैसा फोकस है।" इसलिए, यदि आप अपने आप को बीच में कहीं पाते हैं और अपनी क्षमता पर संदेह कर रहे हैं, तो यह जान लें - आपकी यात्रा बहुत दूर है।

निर्माता अर्थव्यवस्था यदि आप कहानी, डिजाइन या आत्म-अभिव्यक्ति से प्यार करते हैं, तो डिजिटल और रचनात्मक अर्थव्यवस्था अंतहीन संभावनाएं प्रदान करती है। "क्रिएटिव हस्टल" की दुनिया में आपका स्वागत है - जहां मौलिकता अवसर को पूरा करती है। अनुभव सिंह बस्सी, भुवन बम, तकनीकी गुरुजी या प्राजक्ता कोली जैसे रचनाकारों के बारे में सोचें। उन्होंने पारंपरिक मार्गों का पालन नहीं किया, लेकिन निरंतरता, रचनात्मकता और साहस के साथ, वे भारत के कुछ सबसे मान्यता प्राप्त डिजिटल सितारे बन गए हैं।

चाहे आपका जुनून यूट्यूब ,एनीमेशन, ग्राफिक डिज़ाइन, संगीत, नृत्य, फिल्म निर्माण, या वॉयस-ओवर कलात्मकता में निहित हो - आपके लिए एक जगह है। सबसे अच्छा? आपको फैंसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है, बस सीखने और बनाने की इच्छा, ईडीएस और यूट्यूब जैसे प्लेटफ़ॉर्म आपके कौशल को तेज करने और अपने जुनून को पेशे में बदलने में मदद करने के लिए मुफ्त और सशुल्क पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

यदि फैशन, सौंदर्य, या जीवन शैली की सामग्री आपको उत्तेजित करती है, तो "रनवे टू रियल लाइफ" में आपका स्वागत है - ट्रेंडसेटर के लिए एक ग्लैमरस अभी तक प्रतिस्पर्धी उद्योग। कैरियर विकल्पों में मेकअप कलात्मकता, हेयरस्टाइल, फैशन डिजाइनिंग, कॉस्ट्यूम डिज़ाइन, मॉडलिंग, फोटोग्राफी, फिटनेस कोचिंग, डायटेटिक्स, सोशल मीडिया प्रबंधन और सार्वजनिक संबंध शामिल हैं। जबकि इनमें से कुछ करियर के लिए औपचारिक शिक्षा और इंटर्नशिप की आवश्यकता होती है, कई अन्य अल्पकालिक प्रमाणपत्र या प्रशिक्षुता के माध्यम से शुरू कर सकते हैं। यह स्थान आत्मविश्वास, रचनात्मकता और दृढ़ता की मांग करता है - लेकिन पुरस्कार, रचनात्मक और वित्तीय दोनों, अपार हो सकते हैं। सेवा उद्योग यदि आप लोगों के साथ जुड़ने और उन्हें मूल्यवान महसूस कराने का आनंद लेते हैं, तो आतिथ्य और सेवा क्षेत्र एक महान फिट हो सकता है। ये "एक्सपीरियंस मेकर्स" हैं - ऐसे व्यक्ति जो दूसरों के लिए यादगार पलों को तैयार करने में मदद करते हैं।

केबिन क्रू, शेफ, होटल और इवेंट मैनेजमेंट, वेडिंग प्लानिंग, ट्रैवल कंसल्टेंसी, ह्यूमन रिसोर्स, मोटिवेशनल स्पीकिंग, केयरगिविंग, नर्सिंग, चाइल्डकेयर, काउंसलिंग और थेरेपी में करियर ऑप्शन स्पैन। जबकि कुछ भूमिकाओं के लिए पेशेवर प्रशिक्षण या डिग्री की आवश्यकता होती है, सबसे आवश्यक विशेषता दूसरों की मदद करने और उनके जीवन में बदलाव लाने की वास्तविक इच्छा है।

कॉर्पोरेट करियर यदि एक संरचित 9-से-5 जीवन, सॉफ्टवेयर, कोडिंग, या कॉर्पोरेट बोर्डरूम की चर्चा आपसे अपील करती है, तो आपको "क्लब कॉर्पोरेट" के लिए तैयार किया जा सकता है। यहां, आप एसएपी सलाहकार, ऐआई या मशीन लर्निंग इंजीनियर, डेटा वैज्ञानिक, व्यवसाय विश्लेषक, उत्पाद प्रबंधक या वेब / ऐप डेवलपर बन सकते हैं।

जबकि एक कंप्यूटर विज्ञान की डिग्री मदद करती है, इनमें से कई भूमिकाएं प्रमाणपत्र और परियोजना का अनुभव उतना ही महत्व देती हैं। आप वित्तीय योजनाकार, विश्लेषक, जोखिम प्रबंधक, या एक्चुअरी जैसी वित्त भूमिकाओं का भी पता लगा सकते हैं - आमतौर पर अर्थशास्त्र, वाणिज्य या वित्त में डिग्री के साथ शुरू होता है, इसके बाद सीएफपी, सीएफए या एफआरएम जैसे प्रमाणपत्र होते हैं।

# घरेलू कपड़ा उद्योग में वृद्धि की उम्मीद

विजय गर्ग

पर्यटन और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बाद प्रधानमंत्री ने अब भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन में उन्होंने मध्य प्रदेश को कपड़ा उद्योग क्षेत्र में 'कपास राजधानी' बताया। इसका कारण यह है कि देश के कुल जैविक कपास उत्पादन का 25 प्रतिशत यहीं से आता है। चंदेरी, माहेश्वरी और खजुराहो जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी साड़ियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है। यह उद्योग ज्ञान परंपरा और स्वदेशी उपकरणों की मदद से सदियों से चल रहा है। यदि इसमें पर्याप्त पूंजी निवेश के साथ प्रौद्योगिकी आधारित आधुनिकीकरण किया जाए तो न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि इन उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार भी उपलब्ध होगा।

ऋग्वेद सहित धार्मिक और ऐतिहासिक ग्रंथों के अध्ययन से पता चलता है कि भारत प्राचीन काल से ही कपास उत्पादन, कपड़ा बनाने और रंगाई में अग्रणी रहा है और इसलिए यहां कपड़े पहनने और लपेटने के कई तरीके प्रचलित रहे हैं। ऋग्वेद तथा अन्य संस्कृत ग्रंथों में भी वस्त्रों का विस्तृत वर्णन मिलता है। इन ग्रंथों में विभिन्न प्रकार की वेशभूषा का वर्णन है। भारत में भूगोल, जलवायु, ऋतु, राशि, जाति और धर्म के आधार पर वस्त्र शैलियों में विविधता है। उत्सवों, खेलों, नृत्यों और युद्ध के दौरान अलग-अलग वेशभूषा पहनी जाती थी। भारत में कपास उत्पादन और उससे वस्त्र बनाने की परंपरा पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी है।

कारीगर कपड़े बनाने के लिए चरखे पर कपास कातते थे। वे धागे और कपड़े को रंगने की तकनीक में भी कुशल थे। यह स्पष्ट है कि भारत प्राचीन काल से ही विभिन्न प्रकार के वस्त्र बनाने और पहनने में माहिर रहा है। इसीलिए इसे सूती वस्त्र उद्योग का नाम मिला। यह उद्योग अपनी विस्तृत मूल्य श्रृंखला, स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता और विनिर्माण कला में विशेषज्ञता के कारण विश्व के प्रमुख वस्त्र उद्योगों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। एक ओर, छोटे कारीगर वस्त्र निर्माण में लगे हुए हैं। दूसरी ओर आधुनिक मशीनों से कपड़े बनाने वाले बड़े उद्यमी भी सक्रिय हैं। जब अंग्रेजों ने व्यापार के बहाने इस उद्योग पर अपनी नजरें गड़ाईं तो उन्होंने इस पारंपरिक हस्तकला को नष्ट कर दिया और ब्रिटेन से लाई गई मशीनों से कपड़े का उत्पादन शुरू कर दिया। 1818 में कोलकाता के पास फोर्ट ग्लूसेस्टर में पहला सूती वस्त्र उद्योग स्थापित किया गया था। इसके बाद 1854 में मुंबई में बॉम्बे स्पिनिंग मिल की नींव रखी गई। आज देश में करीब 3400 कपड़ा उद्योगों के जरिए 10 करोड़ लोग अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इसके अलावा बड़े पैमाने पर कपड़ा उत्पादन हथकरघा, हस्तशिल्प, लघु विद्युत करघे और पारंपरिक तरीकों से भी किया जाता है।

ये लघु एवं कुटीर उद्योग स्थानीय स्तर पर लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। इस उद्योग में कपास, प्राकृतिक और मानव निर्मित रेशे, रेशम आधारित कपड़े और बुने हुए कपड़े शामिल हैं। भारत के कुल निर्यात में वस्त्र उद्योग का योगदान 4.5 प्रतिशत है तथा निर्यात आय में इसका योगदान 15 प्रतिशत है। हालाँकि, विदेशी वस्त्रों के आयात ने इस घरेलू उद्योग को कमजोर कर दिया है। निर्यात में भी गिरावट आई है। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश कपड़ा निर्यात में भारत से आगे निकल गए हैं। मध्य प्रदेश पहले से ही वस्त्र निर्माण में अग्रणी रहा है। ग्वालियर में जे.सी. मिल्स, इंदौर में हुकमचंद मिल्स और उज्जैन में विनोद मिल्स जैसे बड़े कपड़ा उद्योग सत्तर के दशक तक सक्रिय थे। लेकिन कर्मचारी संगठनों की हड़तालों ने उन्हें लगभग नष्ट कर दिया।

बिड़ला का कपड़ा उद्योग आज भी नागदा में मौजूद है। इसके अलावा चंदेरी और महेश्वर में हाथ से चरखे चलाकर बड़े पैमाने पर साड़ियों का उत्पादन जारी है। असली चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त होता है, जो इसकी प्रामाणिकता और गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। इससे ग्राहकों को नकली साड़ियों से सुरक्षा मिलती है। हाल ही में ग्वालियर में आर्यप्रताप सिंह ने वैदिक विज्ञान पर आधारित वस्त्र निर्माण का कार्य शुरू किया है। आजकल युवाओं में वास्तु और ज्योतिष के प्रति रुचि बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए वैदिक ज्योतिष, ग्रह-नक्षत्रों के प्रतीक चिन्हों वाले वस्त्रों का उत्पादन शुरू किया गया है।

इनकी कीमत 80,000 रुपये से लेकर 4 लाख रुपये तक है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियर और गॉड कंपनी के सीईओ आर्य प्रकाश सिंह बताते हैं कि वह ग्राहकों की जन्मतिथि, स्थान, समय और हस्तरेखा के आधार पर कपड़े बनाते हैं। इन्हें राशि पर रंग, रत्न और धातु के प्रभाव के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। इन कपड़ों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग सोशल मीडिया, वेबसाइट और इंस्टाग्राम के जरिए की जा रही है। आर्यप्रताप को यह प्रेरणा रामायण और उस पर बनी फिल्मों और धारावाहिकों को पढ़ने से मिली। यह हमारी अज्ञानता है कि हम पश्चिमी देशों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अग्रणी मानते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि भारत, विशेषकर ब्रिटेन, उस समय बहुत आगे था, जब ब्रिटेन ने हमारे कपड़ा उद्योग पर कब्जा कर लिया था।

उस समय हमारे कारीगर 2400 से 2500 काउंट तक के महीन धागे बनाने में माहिर थे। वे एक दाने के वजन में 29 गज लम्बा सूत तैयार कर सकते थे। आज की सबसे आधुनिक तकनीक के साथ भी केवल 400 से 600 काउंट का धागा ही उत्पादित किया जा सकता है। मुर्शिदाबाद में 2400 से 2500 काउंट के धागे बनाए जाते थे। अंग्रेजों ने इस कला को खत्म करने के लिए कारीगरों के अंगूठे काट दिए, जिसके बाद भारत में ब्रिटिश कपड़ा उद्योग की स्थापना हुई। यह तकनीक किताबों में दर्ज नहीं थी, बल्कि ज्ञान-परंपरा और घरेलू प्रशिक्षण के माध्यम से कारीगरों के दिमाग में समा गई थी।

भारतीय वस्त्र उद्योग की यह समृद्ध परंपरा अंग्रेजों के दमन से प्रभावित हुई। उनकी क्रूरता का सबूत उनकी डायरियों में मिलता है। सूरत से जो कपड़ा ब्रिटेन भेजा जाता था, वह कारीगरों द्वारा जबरन बनवाया जाता था। समय पर काम पूरा न करने पर भारी जुर्माना लगाया गया। कंपनी कारीगरों को इतना कम भुगतान करती थी कि वे वही माल डच, पुर्तगाली या अरब व्यापारियों को बेच देते।

इसलिए उन्हें बहुत ऊंची कीमत मिलती है। कारीगरों को इस हद तक मजबूर किया गया कि वे इस पेशे को छोड़ भी नहीं सके। उनकी स्वतंत्रता पर कई प्रतिबन्ध लगाये गये। इस उद्योग में निवेश से न केवल इसका पुनरुद्धार होगा बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। यह भारत की प्राचीन समृद्धि को पुनर्जीवित करने का अवसर है।



## कपिल शर्मा कॉमेडी शो के तीसरे सीजन की घोषणा, कई बड़े नाम शामिल

कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पिछले दो सीजन ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अब कपिल शर्मा का यह शो अपने तीसरे सीजन के साथ फिर से हंसी-ठिठोली का डोज लेकर आ रहा है। इस सीजन में कई सरप्राइज कर देने वाले चेहरों का दीदार होने वाला है। कॉमेडियन और एक्टर कपिल ने वीडियो के जरिए शानदार अंदाज में सभी कलाकारों को आमंत्रण दिया है। देखें कब और किन कलाकारों के साथ आ रहे कपिल।

### इस दिन आ रहा नया सीजन

कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो के तीसरे सीजन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में कपिल शर्मा शो के सभी कलाकारों को फोन करके उसके नए सीजन की जानकारी दे रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि क्या नया किया जा सकता है। यह नया सीजन नेटफ्लिक्स पर 21 जून से स्ट्रीम होगा। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'हंसी आउट ऑफ कंट्रोल होगी क्योंकि कपिल और उनकी टीम एक बार फिर वापस आ गई है। अब हर फनीवार, बढ़ेगा हमारा परिवार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ।'

### सुनील ग्रोवर की हो रही वापसी

शेयर किए गए वीडियो पोस्ट में कपिल शर्मा ने सबसे पहले अर्चना पूरन सिंह को फोन किया और उन्हें शो के नए सीजन के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में अर्चना से कहा कि उन्हें अब बैंक से लोने लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शो का तीसरा सीजन आ रहा है। इसके बाद उन्होंने अभिनेता कीकू शारदा को फोन करके कहा कि इस बार कुछ अलग करना है। इसके अलावा उन्होंने सुनील ग्रोवर और कृष्णा को फोन कर नए सीजन की जानकारी दी।

### नए अंदाज में दिखेगा यह शो

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीजन ने सभी दर्शकों को खूब हंसाया था। इसमें सुनील ग्रोवर के गुत्थी किरदार को सभी ने बेहद पसंद किया था। अब इस नए सीजन में कपिल शर्मा के अलावा सुनील ग्रोवर, कृष्णा, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। दर्शक इस नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे हैं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# फिल्म स्पिरिट में प्रभास के अपोजिट पहली बार नजर आएंगी तृप्ति डिमरी

**कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण फिल्म स्पिरिट में नजर आएंगी। इसके लिए उन्होंने तगड़ी फीस ली है। फिर बाद में खबर आई कि दीपिका ने फिल्म छोड़ दी है। हालांकि, दीपिका ने फिल्म छोड़ी या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया, यह स्पष्ट नहीं है। मगर, इन खबरों के बीच स्पिरिट के मेकर्स ने फिल्म की हीरोइन के नाम का एलान कर दिया है। तृप्ति डिमरी इस फिल्म में फीमेल लीड रोल निभाएंगी।**



टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ फिल्म स्पिरिट में तृप्ति डिमरी को लिए जाने का एलान किया है। पोस्ट के साथ लिखा है, एक दमदार नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी आ गई है! हमें अपनी महत्वाकांक्षी पैन-वर्ल्ड फिल्म स्पिरिट में तृप्ति डिमरी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें प्रभास लीड रोल कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वंगा कर रहे हैं।

### पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे प्रभास

टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स की स्पिरिट को भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। इसमें प्रभास एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। तृप्ति डिमरी भी अहम किरदार में नजर आएंगी। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है। इसी साल इसकी शूटिंग शुरू होगी। तृप्ति डिमरी ने भी फिल्म का हिस्सा बनने पर खुशी जताई है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर लिखा है, बहुत शुक्रगुजार हूं इस विश्वास से भरी यात्रा के लिए। फैंस तृप्ति को फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं।



## विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित थ्रिलर फिल्म की तैयारी शुरू की

प्रभावशाली सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की मार्फ्लिक्स पिक्चर्स, फिल्म व्हाइट बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म व्हाइट में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरूआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं, उन्होंने प्रतिष्ठित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है। आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद।

परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है।

मोंटू बासी द्वारा निर्देशित यह फिल्म जुलाई में कोलंबिया में शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार है, व्हाइट महावीर जैन फिल्म्स और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स का एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी प्रयास है।

सामाजिक प्रभाव और भव्य सिनेमा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, महावीर जैन और सिद्धार्थ आनंद ऐसे फिल्में बना रहे हैं जो आकार, गहराई और सामाजिक चेतना इन तीनों को साथ लेकर चलती हैं।

## सुपरनैचुरल शो 'जादू तेरी नजर- डायन का मौसम' में मोनालिसा की एंट्री



स्टार प्लस का नया शो 'जादू तेरी नजर - डायन का मौसम' अपने रहस्यमयी और रोमांचक ट्विस्ट के चलते पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा में है। अब इस शो में होने जा रही है एक धमाकेदार एंट्री—टीवी और भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा की, जो एक बेहद अहम और चौंकाने वाले किरदार में नजर आएंगी। शो की कहानी एक बहादुर लड़की गौरी की है, जिसके पास कुछ छिपी हुई जादुई शक्तियां हैं। गौरी इन ताकतों के सहारे उस अंधेरे से लड़ रही है, जो उसके परिवार और पूरी दुनिया को अपने कब्जे में लेने की ताक में है। भारतीय लोक कथाओं की रहस्यमयी दुनिया से प्रेरित यह फैंटेसी ड्रामा हर एपिसोड के साथ नए राज और मोड़ों को सामने लाता है। अब इसी कहानी में मोनालिसा की एंट्री से बड़ा भूचाल आने वाला है। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'नज़र' में दर्शकों का दिल जीत चुकी मोनालिसा एक बार फिर सुपरनैचुरल दुनिया में वापसी कर रही हैं-इस बार एक नए, बोल्ड और रहस्यमयी अवतार में। मोनालिसा ने अपनी वापसी पर कहा, इस रोमांचक शो का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह किरदार मेरे लिए बहुत खास है और मैं वादा करती हूं कि मेरी एंट्री के बाद कहानी में ऐसे ट्विस्ट आएंगे जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

# नेपोटिज्म पर खुलकर बोले तुषार



बॉलीवुड में नेपोटिज्म और स्टार किड्स को लेकर अक्सर बहस होती रहती है। लेकिन इस बार खुद एक स्टार किड ने अपने अनुभव शेयर करते हुए सभी को चौंका दिया है। हम बात कर रहे हैं एक्टर तुषार कपूर की, जो 70 और 80 के दशक के दिग्गज अभिनेता जितेंद्र के बेटे हैं। तुषार कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने संघर्षों और फ्लॉप करियर को लेकर दिल खोलकर बात की।

तुषार कपूर ने एचटी सिटी को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भले ही उनका ताल्लुक एक फिल्मी परिवार से रहा हो, लेकिन इंडस्ट्री में उन्हें भी वो सब कुछ झेलना पड़ा, जो किसी आम नए अभिनेता को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार उन्हें सिर्फ इस वजह से जज किया गया क्योंकि वह एक स्टार के बेटे हैं। तुषार ने इंटरव्यू में बताया कि जब वह अपने करियर के शुरुआती दौर में मीडिया के सामने बिना मेकअप या साधारण लुक में जाते थे, तो लोग कहते थे कि वह हीरो जैसे नहीं दिखते। वहीं जब वह अच्छे से तैयार होकर किसी इवेंट में जाते थे, तो उन्हें फिल्मी और नकली कहा जाता था। तुषार ने बताया कि उस समय आलोचनाएं इतनी ज्यादा थीं कि उन्हें खुद पर भरोसा बनाए रखने के लिए बहुत हिम्मत जुटानी पड़ी। साल 2001 में आई उनकी डेब्यू फिल्म 'मुझे कुछ कहना है' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही, लेकिन इसके बावजूद तुषार को इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि स्टार किड्स को सब कुछ आसानी से मिल जाता है, लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग होती है'। तुषार ने कहा, 'अक्सर लोगों को लगता है कि फिल्मी परिवार से जुड़े लोग खास फायदे में रहते हैं। लेकिन मुझे लगातार अपने पिता जितेंद्र से तुलना का सामना करना पड़ा। लोग मेरी परफॉर्मेंस को मेरे पिता के स्टारडम के तराजू में तौलते रहे।



## निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की तमिल फिल्म में नजर आएंगी रवीना टंडन

**बॉलीवुड की 'मस्त-मस्त गर्ल' यानी रवीना टंडन 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो आज भी सक्रिय हैं और फिल्में कर रही हैं। अब रवीना 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वो निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की नई फिल्म में नजर आएंगी। अब निर्देशक ने रवीना के फिल्म में शामिल किए जाने को लेकर बात की है।**

हाल ही में रवीना टंडन के तमिल फिल्म 'लॉयर' में शामिल किए जाने की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में तमिल स्टार विजय एंटनी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। अब फिल्म के निर्देशक जोशुआ सेथुरमन ने फिल्म में रवीना के लिए जाने को लेकर बात की। बातचीत में निर्देशक ने कहा, मेरे कुछ दोस्त बॉलीवुड में काम कर रहे हैं, जिनके जरिए मैंने रवीना से संपर्क किया। मैंने उनसे कहा कि जब वह मेरी पहली फिल्म जेंटलवुमेन देखेंगी, तो उन्हें मेरे काम का अंदाजा हो जाएगा। उनके इस फिल्म को देखने के बाद, मैंने तुरंत उन्हें इस फिल्म की कहानी सुनाई और उन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई।

'लॉयर' के जरिए रवीना टंडन तकरीबन 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापस आ रही हैं। आखिरी बार वो 2001 में आई फिल्म 'आलवंधन' में नजर आई थीं। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन, मनीषा कोइराला, अनु हसन, किटू गिडवानी और सरथ बाबू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं।

रवीन टंडन ने अपने करियर में बॉलीवुड के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। साउथ की फिल्मों में उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्म यश स्टारर कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ 2' है। इसमें उनके साथ संजय दत्त भी नजर आए थे। फिल्म में रवीना के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

### 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगी रवीना

रवीना टंडन के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस तमिल फिल्म के अलावा वो बॉलीवुड की मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' और 'इन गलियों में' भी नजर आएंगी।

## सोनाक्षी सिन्हा स्टारर दहाड़ का जल्द आएगा दूसरा सीजन

रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय के निर्देशन में बनी वेब सीरीज दहाड़ को काफी पसंद किया गया था। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, गुलशन देवैया, विजय वर्मा और सोहम शाह नजर आए थे। क्राइम, सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर यह सीरीज 12 मई 2023 को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब दहाड़ के सीक्वल पर मुहर लग चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार सीरीज का दूसरा सीजन जल्द ही आने वाला है। सीरीज की कहानी पर काम शुरू हो चुका है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। रीमा कागती के साथ मिलकर जोया अख्तर दहाड़ 2 की कहानी लिख रही हैं। सोनाक्षी और गुलशन समेत तमाम सितारे अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर ही दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



## च्युंगम दूर कर सकती है मुंह के करोड़ों बैक्टीरिया

महज 10 मिनट च्युंगम चबाकर आप मुंह के 10 करोड़ बैक्टीरिया हटा सकते हैं। एक हालिया शोध में च्युंगम की इस खासियत को सामने लाया गया है। नीदरलैंड्स की यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंजन के शोधकर्ताओं ने पाया है कि च्युंगम में बैक्टीरिया को ट्रैप करके उन्हें मुंह की कैविटी से हटाने की गजब की क्षमता होती है।



## अपनों की तस्वीर से दूर होगा मोटापा


जिम, दौड़, तैराकी और डायटिंग। वजन घटाने के लिए आप क्या कुछ नहीं करते। अब अगर आपसे कहा जाए कि कमरे में सिर्फ अपने परिवार और दोस्तों की तस्वीर लगाने भर से आप अपने लक्ष्य को हासिल कर लेंगे तो यह बात आपको जरा हैरान करने वाली लगेगी। जी हां, एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्यार और परवाह की भावना पौष्टिक चीजें खाने को प्रेरित करती है।

## अब तनाव को भी कम करेगा प्रोटीन

प्रोटीन एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। इससे न केवल बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है, बल्कि कई शारीरिक क्रियाएं भी संचालित होती हैं। अब ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने ऐसा नया प्रोटीन ढूंढने का दावा किया है जो तनाव को कम करने में भी सक्षम है। तनाव के चलते शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने में प्रभावी नए प्रोटीन को टीआरपीसी-1 का नाम दिया गया है।



# एडिनॉइड हाइपरट्रॉफी से परेशान होने की जरूरत नहीं




**रोग के लक्षण**

- नाक से सांस लेने में दिक्कत और मुंह खोलकर सांस लेना।
- बार-बार जुकाम होना।
- अक्सर कान में दर्द होना।
- कम सुनाई पड़ना।
- दांत टेढ़े मेढ़े होना।

यह रोग अक्सर बच्चों को होता है, जिसे लेकर अभिभावक परेशान हो जाते हैं, लेकिन अब उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं है...

**क्या होते हैं एडिनॉइड्स:** ये नाक के पिछले भाग में स्थित एक प्रकार के लिम्फॉइड टिश्यूज होते हैं। इन्हें सामान्य रूप से देखा नहीं जा सकता है। बच्चों में खासतौर पर 11 से 12 वर्ष की आयु तक इनका आकार तेजी से बढ़ता है। इसलिए यह रोग बच्चों में ज्यादा पाया जाता है। वयस्कों में बहुत कम मामले ही सामने आते हैं।

**उपचार:** उपर्युक्त लक्षणों के प्रकट होने पर ई.एन.टी. सर्जन को तुरंत दिखाएं। दवाओं और ऑपरेशन से मरीज को पूर्ण आराम मिल जाता है। आजकल यह ऑपरेशन एंडोस्कोपिक विधि द्वारा किया जाता है। इस विधि में कोई चीरा या टांका नहीं लगता और यह पूरी तरह सुरक्षित है। ऑपरेशन के दूसरे-तीसरे दिन से ही बच्चा स्कूल जा सकता है।

# प्याज का रस डायबिटीज पीड़ितों के लिए फायदेमंद



डायबिटीज पीड़ितों के लिए अच्छी खबर है। एक ताजा अध्ययन से पता चला है कि दैनिक उपभोग की वस्तु प्याज के रस को डायबिटीज रोधी दवा मेटफॉर्मिन के साथ देने से इस बीमारी से ग्रसित लोगों के रक्त में शुगर की मात्रा को कम किया जा सकता है। इससे शरीर में बढ़ रहे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा पर न केवल लगाम लगाया जा सकता है, बल्कि उसे कम भी किया जा सकता है। चूहे पर किए गए परीक्षण से यह बात सामने आई है। अबराका (नाइजीरिया) स्थित डेल्टा स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एंथनी ओजीह ने बताया कि फिलहाल वह ऐसा तरीका तलाशने में जुटे हैं जिससे प्याज के रस का इस्तेमाल मनुष्यों में ग्लूकोज की मात्रा को कम करने में किया जा सके। शोधकर्ताओं ने पहले चूहे में कृत्रिम तरीके से शुगर की मात्रा बढ़ा दी और फिर प्रति किलो वजन के हिसाब से 200, 400, 600 मिलीग्राम प्याज का रस मेटफॉर्मिन के साथ दिया। 400 और 600 मिलीग्राम की खुराक से रक्त में शुगर की मात्रा में क्रमशः 50 और 35 फीसद तक की कमी दर्ज की गई।

# पैरों में तकलीफ लापरवाही ठीक नहीं



चलते समय अगर आपके पैरों में तकलीफ होती है, तो आपको परिधीय धमनी रोग (पेरिफेरल आर्टरी डिजीज संक्षेप में-पीएडी) हो सकता है। इस रोग को हल्के में लेना आपके लिए भारी पड़ सकता है। आइए जानते हैं-पीएडी से कैसे पाया जाए छुटकारा...

परिधीय धमनी रोग (पेरीफेरल आर्टरी डिजीज संक्षेप में पीएडी) आम तौर पर पैरों और बांहों में होने वाली बीमारी है। इस बीमारी में पैरों और बांहों में रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस कारण कई तरह की बीमारियां पैदा हो सकती हैं। इस रोग के लक्षण प्रभावित क्षेत्र और रक्त संचार में अवरोध के स्तर के अनुसार बदलते रहते हैं।

पैरों के रक्त संचार में कमी पीएडी रोग में पैरों में रक्त संचार की क्रिया सुचारु रूप से नहीं होती। इसके कारण पैरों के रक्त संचार में कमी आती है। अगर इस रोग का समय रहते समुचित इलाज नहीं किया गया, तो प्रभावित अंग को काटने की नौबत भी आ सकती है और गंभीर स्थिति में मरीज की मौत भी संभव है। शरीर के निचले अंगों की धमनियों में संकुचन या अवरोध होने की स्थिति में पेरिफेरल धमनी रोग उत्पन्न होते हैं।

एथेरोस्क्लेरोसिस नामक रोग होना इसका सबसे सामान्य कारण है। किशोरावस्था से ही एथेरोस्क्लेरोसिस पनपने लगता है। इसके बाद कुछ समय-आम तौर पर दशकों-तक यह बढ़ता रहता है। इस कारण रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा हो जाती है। अगर समय से इस रोग का उपचार नहीं किया जाए, तो यह पैरों में दिक्कत पैदा करता है और चलने फिरने की क्षमता में कमी आती है। गंभीर स्थिति में यह रोग गैंगरीन में भी तब्दील हो सकता है।

जब इस तरह के अवरोध हृदय में होते हैं तो सीने में दर्द होता है, जिसे एंजाइना कहा जाता है और जब मस्तिष्क में ऐसा होता है, तो स्ट्रोक होता है। कारण पीएडी के कुछ जोखिम भरे कारकों में उम्र का बढ़ना, धूम्रपान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हाइपर कोलेस्टेरोलेमिया (रक्त में कोलेस्टेरॉल की अनियंत्रित मौजूदगी) जैसे कारण शामिल हैं। अगर परिवार के सदस्यों को पैरों की धमनियों में रुकावट की समस्या है, तो आपको पीएडी होने का खतरा अधिक है। जिन मरीजों के हृदय की धमनियों में अवरोध होते हैं, उनमें से लगभग 40 प्रतिशत मरीजों के पैरों की धमनियों में भी अवरोध होते हैं।

### डायग्नोसिस

पीएडी का पता लगाने के लिए कई परीक्षण किए जा सकते हैं। एंकल ब्रैकियल इंडेक्स (एबीआई), अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसे अन्य परीक्षण भी किए जा सकते हैं।

### रोकथाम

धूम्रपान करना, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हाई कोलेस्टेरॉल आदि समस्याओं से ग्रस्त होना पीएडी के जोखिम को बढ़ा देता है। कोलेस्टेरॉल को नियंत्रित करने से पीएडी की बिगड़ती स्थिति को रोका जा सकता है। क्लाडिकेशन (नसों में ऐंठन आना, चलते समय दर्द होना और धमनियों में रक्त प्रवाह में रुकावट होना आदि समस्याएं) के लक्षणों को कम किया जा सकता है। धूम्रपान छोड़ने और मधुमेह और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने पर क्लाडिकेशन के लक्षणों (जैसे दर्द) में सुधार हो सकता है।

क्लाडिकेशन के लक्षणों में सुधार करने के लिए कई दवाएं दी जा सकती हैं। व्यायाम कार्यक्रम क्लाडिकेशन के लक्षणों को कम कर सकता है। व्यायाम प्रशिक्षण के अंतर्गत हर सप्ताह कम से कम तीन बार ट्रेडमिल या किसी ट्रैक पर 45 से 60 मिनट तक चला जाता है।



### इलाज

*तेज दर्द और बेचैनी वाले चुनिंदा रोगियों में, विशेषकर जिनमें उपचार असफल साबित हुआ हो, उनके लिए रीवैस्कुलराइजेशन प्रोसीजर्स लाभप्रद साबित हो सकते हैं। इस प्रोसीजर से हाथ व पैरों में रक्त प्रवाह में वृद्धि हो जाती है।

*आम तौर पर इन प्रक्रियाओं (प्रोसीजर्स) को दो सामान्य श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है।

*बैलून एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग जैसी 'कैथेटर आधारित' प्रक्रियाएं या सर्जरी। रीवैस्कुलराइजेशन तकनीक का चयन आपकी शारीरिक संरचना, लक्षणों की गंभीरता, पूर्व में किये गए इलाज और आपका समग्र स्वास्थ्य जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

*बैलून एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग जैसी कैथेटर आधारित तकनीकें काफी विकसित हुई हैं। इन तकनीकों के जरिए मरीज को अगले दिन घर भेज दिया जाता है।

# कहीं बीमार न कर दे कंप्यूटर



कंप्यूटर व लैपटॉप युवाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। इंटरनेट के कारण युवा चौबीस घंटे इन उपकरणों से जुड़े रहते हैं, जो उनमें कई तरह की शारीरिक व मानसिक समस्याओं की वजह बन रहा है।

**मेंटल सेचुरेशन और स्मरणशक्ति पर प्रभाव:** मनुष्य के दिमाग की कार्यशैली का आवश्यक अंग है उसका आराम करना। इंसानी मस्तिष्क को हर 45 मिनट में एक छोटे से ब्रेक की जरूरत होती है, इस दौरान तब तक एकत्र की गई जानकारी प्रोसेस होकर स्मरणशक्ति में बदल जाती है। कंप्यूटर जैसे उपकरणों का लगातार इस्तेमाल हमारी इसी कार्यप्रणाली पर चोट करता है, जिससे कमजोर स्मरणशक्ति व अल्जाइमर जैसी समस्याएं सामने आती हैं। मानसिक रोगों की पहचान के लिए किया जाने वाला डीएसएम फाइव सिस्टम भी कंप्यूटर और इंटरनेट के इस्तेमाल को लत की तरह ही परिभाषित करता है। कंप्यूटर पर हेडफोन के साथ देर तक काम करने से हर समय लगता है कि कानों में कुछ गूंज रहा है। नींद आने में भी परेशानी होती है।

**बड़ी उम्र के लक्षणों का कम उम्र में दिखना:** कंप्यूटर और लैपटॉप के ज्यादा इस्तेमाल से उम्र का असर जल्दी दिखने लगता है। व्यक्ति उम्र से बड़ा दिखता है। शारीरिक सक्रियता घट जाती है और आलस बढ़ता है, जिसका नतीजा जोड़ों व कंधों के दर्द के रूप में सामने आता है।

**आंखों को नुकसान:** कंप्यूटर और लैपटॉप की स्क्रीन से लगातार सॉफ्ट रेडिएशन किरणें निकलती रहती हैं, जिनका आंखों पर बुरा असर पड़ता है। हमारी आंखों के बाहरी हिस्से पर पानी जैसा एक द्रव्य पाया जाता है, जिससे हमारा दृश्य साफ होता है। इसकी कमी से दृष्टि दोष व आंखों में दर्द व खारिश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इससे बचने के लिए आंखों को आराम देना होता है, जो पलकों के झपकने से उन्हें मिलता है। लेकिन कंप्यूटर स्क्रीन का इस्तेमाल करते समय हम अक्सर पलकों को झपकाना भूल जाते हैं। इन रेडिएशन किरणों से व्यक्ति को दूर दृष्टि दोष होने की आशंका बढ़ जाती है।

**कंधों व जोड़ों का दर्द:** यदि आप अधिक देर तक कंप्यूटर पर काम करते हैं तो जरूरी है कि पॉश्चर को सही रखें। सही तरीके से न बैठने से जहां जोड़ों, कमर व कंधों के दर्द की समस्याएं उत्पन्न होती हैं, वहीं रीढ़ की हड्डी को भी नुकसान पहुंचता है।

**कार्पेल टनल सिंड्रोम:** युवाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। देर तक कंप्यूटर पर टाइप करने से उंगलियां सुन्न पड़ जाती हैं। कलाई व बाजू के हिस्सों में सूजन व दर्द होता है। इसका प्रमुख कारण एक ही गतिविधि का बिना ब्रेक दोहराव करना है।

### कुछ सुझाव

- कंप्यूटर पर काम करते समय पॉश्चर सही रखें। बैठते समय पंजे जमीन पर होने चाहिए। सीट, बांहों और बाजुओं के बीच कोहनी 90 डिग्री के कोण पर रखें।
- लगातार ज्यादा देर तक कंप्यूटर पर बैठने से अच्छा थोड़ी-थोड़ी देर में चहलकदमी अवश्य करें।
- लेट कर लैपटॉप चलाने और गोद में रख कर चलाने से पूरी तरह बचें।
- एंटी ग्लेयर चश्मे का इस्तेमाल करें।
- काम करते समय बीच-बीच में आंखों को ब्रेक दें। लम्बे समय तक बैठना है तो हर एक घंटे के बाद 2 मिनट के लिए आंखें बंद कर लें। मस्तिष्क को भी आराम मिलेगा।
- समय का विभाजन करना सीखें। अपने परिवार को भी पूर्ण समय दें।

# नजरिया हो प्रोफेशनल...

एंट्रेंस एग्जाम और इंटरव्यू में सफल होकर आपने मनपसंद नौकरी हासिल कर ली। अब अपने हुनर और कौशल को प्रदर्शित करने की बारी है। दरअसल पहली नौकरी एक ऐसा आधार है, जो करियर की नींव रखती है। साथ ही यह जीवन का एक नया फेज है, जिसमें आप छात्र जीवन से निकल कर पेशेवर दुनिया में कदम रखते हैं। इस बदलाव के समय में जरूरी है कि आप सजग, सहज और सचल रहें। आइए जानते हैं नौकरी मिल जाने के बाद ऑफिस में किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### समय की पाबंदी जरूरी

सबसे अहम है समय की पाबंदी। इस बात का खास ध्यान रखें कि आप ऑफिस कभी देरी से न पहुंचें। नौकरी ज्वाइन करने के बाद नए कर्मचारियों पर एचआर और बॉस की विशेष नजर रहती है, इसलिए इस बात का ध्यान रहे कि ऑफिस पहुंचने में देर न हो। भले ही तय समय से कुछ पहले ऑफिस पहुंच जाएं। कॉलेज में पहला पीरियड निकल जाने के बाद पहुंचना चल जाता था, लेकिन ऑफिस में यह रवैया नहीं चल सकता।

### माहौल के हिसाब से रहें

हर ऑफिस का अपना अलग अंदाज और माहौल होता है, अलग संस्कृति होती है। नौकरी मिलने के बाद सबसे पहले आप अपने ऑफिस के तौर तरीके सीखें। वहां के माहौल का अध्ययन करें और उसके अनुसार ही अपना व्यवहार रखें। दूसरों के काम में ताक-झांक न करें और अपने काम से मतलब रखें।

### खुद सीखना होगा


आपको इस बात का अंदाजा होगा कि करियर में सफलता के लिए प्रोफेशनल नजरिया रखना कितना जरूरी है। लेकिन प्रोफेशनलिज्म का मतलब होता क्या है? शायद ही कोई शिक्षण संस्थान प्रोफेशनलिज्म सिखाता है। यह आपको खुद सीखना होगा। दूसरों को देख कर, उनके संपर्क में आकर। प्रोफेशनल नजरिया रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप अपनी संस्था के सांस्कृतिक मापदंडों को समझें और उनका अनुसरण करें। अपने सहकर्मियों के साथ विनम्रता से पेश आएं। जिन्हें नहीं पसंद करते, उनके साथ भी विनम्र रहें। आपके साथ अच्छा व्यवहार न करने वाले लोगों के साथ भी विनम्रता से ही पेश आएं। इससे आप कहीं ज्यादा पेशेवर दिखेंगे।

### जिम्मेदारी से करें काम

आप अपना काम जिम्मेदारी के साथ और प्रोफेशनली करें, इसके लिए जरूरी है कि आपको अपने काम की समझ हो। कई बार उत्साह में फ्रेशर्स कुछ का कुछ कर बैठते हैं, इसलिए पहले अपने बॉस के साथ बैठ कर अपना काम अच्छी तरह समझ लें। कहीं शंका हो तो उसे भी दूर करें। यदि कुछ नया करना चाहते हैं तो अपने आइडियाज बॉस के साथ शेयर करें।

### ज्यादा छुट्टियां न लें

कॉलेज में आपने खूब क्लास बंक की होंगी, पर अब आपको अपनी यह आदत बदलनी होगी। बॉस और एचआर ऐसे कर्मियों को बिल्कुल पसंद नहीं करते, जो बार-बार छुट्टियां लेते हैं। इस तरह आप उनकी गुड-बुक में भी शामिल नहीं हो पाएंगे। इसलिए जब तक जरूरी न हो, अतिरिक्त छुट्टियां न लें।





### मेहनती होने का परिचय दें


फर्स्ट इम्प्रेशन इज द लास्ट इम्प्रेशन ये कहावत तो आपने सुनी होगी। यह बात सौ फीसदी सच है। नौकरी के शुरुआती दिनों में आपकी जैसी छवि बनती है, उसी के आधार पर लोग आपके काम का आकलन करते हैं। हालांकि अपनी छवि को बदला भी जा सकता है, लेकिन तब इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए आप हर तरह से अच्छे और मेहनती होने का परिचय दें। आपके हाव-भाव और पहनावे से एक पेशेवर की झलक आनी चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

- दफ्तर में ऊंची आवाज में बात न करें।
- अफवाह न फैलें, इससे ऑफिस का माहौल नकारात्मक होता है।
- दफ्तर के समय में फोन पर कम से कम निजी बातें करें। फोन की आवाज भी धीमी रखें। फोन साइलेंट मोड पर भी रख सकते हैं।
- आपके व्यवहार में भी ऐसी खूबियां दिखनी चाहिए, जो कंपनी की ग्रोथ में मददगार हों।
- आपके हाव-भाव में यह दिखना चाहिए कि आप अच्छे श्रोता हैं।
- बॉस की बातों सुन कर उनके विचारों को अमल में लाने की कोशिश करें।
- कंपनी की बेहतरी के लिए कुछ योजना हो तो उसे भी शेयर करें।
- ऑफिस में काम करने वाले सभी कर्मियों का सम्मान करें, खासकर महिलाओं के साथ अपना आचरण मर्यादित रखें।
- अपने पद की गरिमा बनाए रखें।

## रैसिपी

### निजामी तरकारी बिरयानी



**सामग्री**

720 ग्राम बासमती चावल, 200 ग्राम कटी हुई गाजर, 200 ग्राम कटी हुई फ्रेंच बीन्स, 200 ग्राम कटी हुई हरी मटर, 200 ग्राम उबली हुई फूलगोभी के छोटे फूल, 10 ग्राम शाही जीरा, 30 ग्राम मक्खन, 500 ग्राम कच्चा प्याज, 2 हरी मिर्च,2 टी स्पून अदरक कटा हुआ, 20 ग्राम अदरक-लहसुन पेस्ट, 400 ग्राम फेंटा हुआ दही, 40 ग्राम कटी हुई हरी धनिया, 2 टेबल स्पून पुदीना,1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 नींबू का रस, 2 टी स्पून इलायची पाउडर, गुलाब जल और केसर मिश्रण, 2 टी स्पून गरम मसाला, 25 ग्राम साबुत काजू

**विधि**

चावल को धोकर आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर पानी निकालकर धीमी आंच पर पका लें। एक फ्राइंग पैन में तेल-मक्खन डालकर गर्म करें। शाही जीरा डालकर धीमी आंच पर चटकाएं। कटी हुई सब्जियां डालकर 1 मिनट तक धीमी आंच पर भूनें। हरी मिर्च, अदरक और लहसुन का पेस्ट डालकर 15 सेकंड तक मध्यम आंच पर भूनें। ध्यान रहे मिश्रण तले पर चिपकने न पाए। फेंटा हुआ दही और भूरा किया हुआ प्याज, धनिया, पुदीना, नमक और लाल मिर्च पाउडर व नींबू का रस मिलाएं। एक मिनट तक धीमी आंच पर 1 2 मिनट तक पकाएं। फिर पके हुए चावल डालें। ऊपर से केवड़ा पानी, केसर मिश्रण, इलायची पाउडर, धनिया, गरम मसाला पाउडर डालकर मिलाएं और देसी घी उड़ेलें। आंच धीमी करके ढक्कन लगाकर 1 2 मिनट तक पकाएं। सर्विंग प्लेट पर सावधानीपूर्वक डालें ताकि बिरयानी की परत खराब न हो। ऊपर से पुदीना-धनिया व सुनहरे किए हुए प्याज डालकर सर्व करें।

### गुड़ की खीर



**सामग्री**

दूध 1 लीटर, 50 ग्राम धुलकर भीगा हुआ चावल, 150 ग्राम कुटा हुआ गुड़, 4 कुटी हुई छोटी इलायची, 10-12 भीगे और कटे हुए बादाम, थोड़ा सा केसर।

**विधि**

दूध को एक उबाल दें। बीच-बीच में चलाती रहें ताकि जलने न पाए। जब दूध में उबाल आ जाए तब चावल डालें और दोबारा एक उबाल आने दें। फिर, धीमी आंच पर कुछ देर तक पकाएं। इसी दौरान, दूसरे बर्नर पर धीमी आंच पर आधा कप पानी में गुड़ घोलें। एक उबाल दें और 2-3 मिनट तक पकाएं। ठंडा करें और छान लें। चावल जब अच्छी तरह पक जाए और दूध गाढ़ा हो जाए तब इलायची डालकर एक मिनट और पकाएं। आंच से उतारकर ठंडा करें। फिर इसमें गुड़ मिश्रण मिलाएं और सर्विंग डिश पर पलट दें। केसर और बादाम से सजाकर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

# धौलपुर कस्बे मे डिस्कॉम का विजिलेंस चैकिंग अभियान, वीसीआर भर किया लाखों रुपए का जुर्माना

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** तापमान बढने के साथ साथ विधुत खपत भी बढ रही है। धौलपुर कस्बे मे विगत दिनो मे तंत्र पर ट्रिपिंग की संख्या भी बढी है जिससे ईमानदार उपभोक्ताओ की बिजली मे व्यवधान उत्पन्न हुआ है। डिस्कॉम के अनुसार ट्रिपिंग की संख्या बढने मे विधुत चोरी एक बड़ा फैक्टर है। विधुत चोरी रोकने व ईमानदार उपभोक्ताओ को नियमित विधुत सप्लाई उपलब्ध कराने को ध्यान मे रखते हुए डिस्कॉम ने विजिलेंस चैकिंग अभियान शुरू किया है। गुरुवार - शुक्रवार को डिस्कॉम की टीमों ने धौलपुर कस्बे की कई कॉलोनियों में अल सुबह विजिलेंस चैकिंग कार्यवाई की। यह कार्यवाई गिरीश विहार, निजाम कॉलोनी काली माई के सामने, चौपडा मदिर, उर्मिला विहार, उमा कोलोनी,राधाविहार, पुरानी सराय ओम नगर, गऊशाला कोलोनी, अयोध्या कुज कोलोनी,पुराना रिशाला कोलोनी संतर रोड घंटाघर रोड आदि मे की गई। विजिलेंस टीम ने दर्जनभर बिजलीकर्मियों के साथ डिस्कॉम थाने की पुलिस मौजूद रहीं। डिस्कॉम कार्यवाही देख कर लोग आनन फानन मे जंपर उतारने लगे लेकिन विजिलेंस टीम की पैनी नजर से बच सके।कार्यवाई मे 35 बिजली चोरी की वीसीआर भरी गई जिसमे 15 लाख का जुर्माना किया गया है।धौलपुर डिस्कॉम ऐईएन रजत जैन ने बताया कि रात मे कस्बे मे विधुत तंत्र की गश्त की जा रही है और विधुत चोरी मिलने पर वीसीआर भरी जा रही है वही डिस्कॉम तकनीकी साफ्टवेयर की मदद से संदिग्ध उपभोक्ताओ की सूची तैयार कर रहा है जिसके विधुत कनैक्शन व परिसर की विशेष जांच की जाएगी डिस्कॉम का जहा बिजली तंत्र हे वहा आवेदक को 24 घंटों मे बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। जिनके बिजली कनेक्शन नहीं है वो बिजली कनेक्शन को तुरंत आवेदन करदे।धौलपुर कस्बे मे विधुत छीजत 45% है जबकि डिस्कॉम द्वारा निर्धारित लक्ष्य 15% है। बढी हुई विधुत छीजत को लेकर उच्च अधिकारी गहरी नाराजगी व्यक्त कर चुके है। वही ऐक्सईएन विवेक शर्मा ने बताया कि विधुत छीजत अधिक होने के कारण संबंधित जेईएन व फीडर इंचार्ज पर अनुशासनात्मक कार्यवाई की जा रही है।वही DC PDC उपभोक्ताओ के परिसरो की जांच की जाएगी व बिजली चालू मिली तो वीसीआर भरने की कार्रवाई की जाएगी। विजिलेंस चैकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता- डॉ बेरी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का न्यू एरा पब्लिक स्कूल की ओर से सम्मान किया गया। सौम्या सक्सेना ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले में पहला स्थान प्राप्त किया जिसके लिए विद्यालय परिवार द्वारा साफा माला पहनकर बेटी का सम्मान किया गया। राजकीय महाविद्यालय धौलपुर के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ए के बेरी के मुख्य अतिथि में आयोजित सम्मान समारोह में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया इस अवसर पर डॉक्टर बेरी ने कहा कि कठिन परिश्रम से सफलता मिलती है। और ईमानदारी से किया गया परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ परिवार और जिले का नाम गौरांवित किया है उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी प्रकार एकाग्रता के साथ लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा अर्जन करें और समाज में बेहतर मुकाम हासिल करें। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक अभिनव बेरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ उनमें संस्कार स्थापित करना है और विद्यालय अपने इस उद्देश्य में सफलता की ओर अग्रसर है लगातार जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय ने गुणात्मक शिक्षा पेश की है। इस अवसर पर छात्र रैना अग्रवाल,सौम्या सक्सेना, नंदिनी जादौन कु सरबी ने अपनी सफलता के लिए विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा की और कहा कि शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली गाइड लाइन ने हमारी सफलता को निश्चित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय पारिवारिक को भी दिया है। इस अवसर पर दीपाली बेरी ने मंच का संचालन किया। प्रताप सिंह संधू मंसूर अली शाहिद खान,असलम खान हेमलता चौहान, शिल्पा रस्तोगी रचना भटनागर, भावना जैन व चेतन अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

## 14 जून तक चलेगा जागरूकता पखवाड़ा, आयोजित होंगी गतिविधियां

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने हेतु 31 मई से 14 जून तक विश्व तंबाकू निषेध पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में तंबाकू निषेध संबंधी विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस पखवाड़े के दौरान तम्बाकू मुक्त आंगनबाड़ी केंद्र अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों पर तंबाकू निषेध के साइनेज का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बिक्री निषेध के नियमों की पालना सुनिश्चित की जाएगी और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों का सेन्सेटाइजेशन किया जाएगा।झ्र उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान सिगरेट एवं अन्य तंबाकू अधिनियम, 2003 (कोटपा) तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। इसमें कोटपा की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के अंतर्गत प्रतिदिन चालान कार्यवाही की जाएगी। साथ ही तंबाकू बिक्री केन्द्रों पर तंबाकू उत्पादों के प्रदर्शन निषेध की पालना सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बिना सचित्र स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शन वाले तंबाकू उत्पाद की सीज़र कार्यवाही की जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि पखवाड़े में वीएचएसएनसी एवं महिला आरोग्य समिति द्वारा जन-जागरूकता प्रसारित की जाएगी। इसमें ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों तथा महिला आरोग्य समितियों की बैठकों का आयोजन कर तंबाकू निषेध के नियमों तथा तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में चर्चा कर आमजन को तम्बाकू निषेध के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

# जिले के राजकीय अस्पतालों की जमीनी हकीकत का जायजा ले रही गठित टीम, मरीजों से जाने हालचाल




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की मंशा है कि राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में मरीज का बेहतर इलाज हो और मरीज को निजी अस्पतालों से अधिक गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा निशुल्क मिले। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इसी मंशा के अनुरूप चिकित्सा विभाग ने एक विशेष टीम गठित की है जो राज्य भर के सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत का जायजा ले रही है। राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गठित यह विशेष टीम निरीक्षण के लिए धौलपुर पहुंची और जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और उससे संबद्ध मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। यह टीम राज्य सरकार के उस अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के 29 जिलों में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं का आकलन किया जा रहा है। टीम के प्रमुख अतिरिक्त निदेशक राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी (राजमैश) राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी दिशा में यह निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे जमीनी हालात को समझते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर वहां भर्ती मरीजों से सीधे संवाद किया। उन्होंने मरीजों से यह जाना कि उन्हें दवाइयों की उपलब्धता कैसी है, डॉक्टरों की उपस्थिति और व्यवहार कैसा है, तथा उपचार के दौरान उन्हें किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। विशेष रूप से शौचालय, वार्डों की फर्श सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की प्रक्रिया और जल आपूर्ति की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण में यह भी देखा गया कि मेडिकल छात्रों को अध्ययन और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि लैब, लाइब्रेरी, हॉस्टल एवं पलंगों पर क्लीनिकल प्रैक्टिस की व्यवस्था कितनी प्रभावशाली हैं। ऑपरेशन थिएटर में उपयोग होने वाले उपकरण, दवाइयाँ, और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी टीम के निरीक्षण का एक महत्वपूर्ण भाग रही। टीम ने पुराने जनाना अस्पताल का भी दौरा किया, जहाँ महिला मरीजों से चिकित्सा सेवाओं और देखरेख की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। निदेशक राजमैश राकेश कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संकलित सभी जानकारियाँ विस्तृत रिपोर्ट के रूप में चिकित्सा विभाग को सौंपी जाएंगी, जिसके आधार पर सुधारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। यह अभियान राज्य सरकार की 'स्वस्थ राजस्थान' योजना के तहत संचालित समग्र स्वास्थ्य सुधार प्रयासों का एक अभिन्न हिस्सा है।

# जन्म कल्याणक पर निकली विशाल शोभायात्रा

**बिजौलियां(निसं.)।।** दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर के पंच कल्याणक महोत्सव में भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े और 24 से अधिक रथ शामिल थे।तपोदय तीर्थ पर भगवान के जन्म,तप और ज्ञान कल्याणक संपन्न हुए। भगवान के कल्याणक कार्यक्रमों में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी और मुनि व आर्यिका संघ भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल,नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, थाना प्रभारी लोकपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान



जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)।** सांगानेर के उपखण्ड क्षेत्र लाखंना ग्राम पंचायत के लोग अंधेरे में रहने पर मजबूर अधिकारीयो को सूचित करने पर 33 केवी फाल्ट होने का कारण बताते हैं 33 केवी आर बार बार फाल्ट होती है चालू होने में 12-24 घण्टे लगते हैं ग्राम पंचायत लाखंना की जनता को इस गर्मीयो में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गर्मियों में चेन की नींद भी नहीं ले पा रहै है रात को चोरों का डर बना रहता है छोटे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानियां का सामना करना पड़ता है बिजली कटोती ने लोगों को जीना हराम कर दिया है, छोटे बच्चों को मच्छरों से बीमारी होने पर इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जी एस एस बिजली विभाग अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं, डाबला जी एस एस की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है ग्रामीणओ को बिजली बोर्ड विभाग से ओर बगरु विधायक से लोगों को अपील है की डाबला जी एस एस पर दूसरी के वी आर उतारने की अपील की है।



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक- 857-866 दिनांक- 30.05.2025

**निविदा सूचना संख्या- 06/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है।

NIB No. - PWD2526A40918

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB02970 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक- ग्रा. प./ सा./2025/ 259 दिनांक- 28/05/2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ईश्वर राम पुत्र तुलछाराम जाति प्रजापत निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 06 पट्टा जारी दिनांक 05/11/1990 पट्टा धारी का नाम श्री ईश्वर राम पुत्र तुलछाराम जाति प्रजापत निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 के के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 06 पट्टा जारी दिनांक 05/11/1990 पट्टा धारी का नाम श्री ईश्वर राम पुत्र तुलछाराम जाति प्रजापत निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है।

2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल- 1306.55 वर्ग गज (11759 वर्ग फूट ) है

3 सम्पति के पडौसान (पट्टे के अनुसार) -(क) पूर्व- मकानात- पेमाराम वगैरह पुत्र नानुराम प्रजापत व लूणाराम वगैरह पुत्र बेगाराम (ख) पश्चिम- कन्हैयालाल देरासरी व मगीदेवी पत्नी ईश्वरराम (ग) उत्तर- मकानात रामपाल पुजारी व भगवानाराम मेघवाल (घ) दक्षिण- आम रास्ता

उक्त पड़ौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 28/06/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/256 दिनांक- 28/05/2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामजी लाल पुत्र महावीर जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 12 पट्टा जारी दिनांक 07/09/1998 पट्टा धारी का नाम श्री सोहन लाल पुत्र मांगीलाल जाट जाति जाट निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 12 पट्टा जारी दिनांक 07/09/1998 पट्टा धारी का नाम श्री सोहन लाल पुत्र मांगीलाल जाट जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है। पट्टाधारी के द्वारा उक्त पट्टा शुदा भूमि जरीये विक्रय पत्र द्वारा आवेदनकर्ता श्री रामजी लाल पुत्र महावीर जाति ब्राह्मण निवासी सालासर को विक्रय किया गया है।

2. आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल - 351.44 वर्ग गज (3163 वर्ग फूट ) है

3 सम्पति के पडौसान (पट्टे के अनुसार)-(क) पूर्व- मकानात चुन्नीलाल पुत्र नथाराम जाट व गौचर भूमि (ख) पश्चिम- मकानात रामेश्वरलाल पुत्र मोटाराम ढाका (ग) उत्तर- मकानात चुन्नीलाल पुत्र नथाराम जाट (घ) दक्षिण- आम रास्ता

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 28/06/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपति को स्वीकार नही किया जायेगा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/255 दिनांक- 28/05/2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकित ढाका पुत्र शिवभगवान जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. B 32 पट्टा जारी दिनांक 17/07/1997 पट्टा धारी का नाम श्री शिवभगवान पुत्र मन्नाराम जाति जाट निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. B 32 पट्टा जारी दिनांक 17/07/1997 पट्टा धारी का नाम श्री शिवभगवान पुत्र मन्नाराम जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है। पट्टाधारी की मृत्यु उपरांत उनके वरिसो द्वारा उक्त पट्टे का रजिस्टर्ड हक़ त्याग आवेदनकर्ता अंकित ढाका पुत्र शिवभगवान जाति जाट के पक्ष में किया गया है

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 798.66 वर्ग गज (7188 वर्ग फूट ) है।

3 सम्पति के पडौसान (पट्टे के अनुसार)-(क) पूर्व- मकानात- रास्ता सड़क (ख) पश्चिम- मकानात मोहनलाल पुत्र जालूराम ढाका (ग) उत्तर- आम रास्ता (घ) दक्षिण- सुरजाराम पुत्र मन्नाराम ढाका

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 28/06/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपति को स्वीकार नही किया जायेगा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू



# श्री सीमन्धर जिनालय में 44 वें वार्षिकोत्सव को लेकर आयोजन

**बिजौलियां।** श्री सीमन्धर जिनालय में 44 वां वार्षिकोत्सव, पंच दिवसीय श्रुत पंचमी महापर्व व इन्द्र ध्वज मंडल विधान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को श्रुत पंचमी महापर्व मनाया जाएगा।प्रात जिनेन्द्र अभिषेक व नित्य नियम पूजन, जिनेन्द्र शोभायात्रा ,विधान पूजन,जिनेन्द्र भक्ति,स्वाध्याय व बाल कक्षा कार्यक्रम होंगे। विदुषी जयति बेन, वी.मेहता मुंबई, पंडित रजनी भाई दोषी हिम्मतनगर , पंडित आलोक जैन कारंनजा, विधानाचार्य अश्विन नेनावटी बांसवाड़ा, पंडित पीयूष जैन भोपाल सम्मिलित होंगे।



## कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./स्टोर/2025–26/726–731 दिनांक :–28.05.2025

**निविदा सूचना संख्या 2025–26/04**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षैत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य की निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 10.06.2025 को निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526A1869 | DLB2526GSOB06257 |
| | DLB2526GSOB06258 |

राज.संवाद/सी/25/3330

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./स्टोर/2025–26/715–720 दिनांक :–27.05.2025

**निविदा सूचना संख्या 2025–26/03**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षैत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य की निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 09.06.2025 को निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526A1858 | DLB2526SSOB06217 |
| | DLB2526SSOB06220 |
| | DLB2526SSOB06222 |
| | DLB2526SSOB06226 |
| | DLB2526SSOB06229 |
| | DLB2526SSOB06237 |

राज.संवाद/सी/25/3329

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम प्रताप बीदावत राजपूत पुत्र आस जी बिदावत राजपूत से बदलकर प्रताप सिंह पुत्र आसू सिंह रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे प्रताप सिंह पुत्र आसू सिंह के नाम से जाना पहचाना जावे।

**प्रताप सिंह पुत्र आसू सिंह जाति राजपूत निवासी मैनासर तहसील रतनगढ़।**

## नाम परिवर्तन

मेरा पुत्र हितेश ज्ञान ज्योति विद्यालय दरीबा में कक्षा 8 की पढ़ाई कर चुका है जिसका विद्यालय में नाम हितेश पुत्र सुरेंद्र कुमार गुरड़ा है उसकी जन्म दिनांक विद्यालय में 15 मार्च 2012 है मैं अब उसका नाम जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के आधार पर उसका नाम हेमंत करना चाहता हूं जिसकी जन्म दिनांक 5 अगस्त 2013 है भविष्य में मेरे पुत्र को हेमंत नाम से ही जाना पहचाना जाए

## Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.

No. NIT/2025-261 6601-12 निविदा सूचना / 2025-26 Date- 30.05.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द / ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Various Joinery and Furnishing work in the Architecture Wing, RSRDC Ltd., Setu Bhawan, Jaipur. UBN: RRC2526WSOB00212 | 9.54 Lakh | ई-114/25-26 |
| Repairing work of Toll Plaza on Suket-Julmi-Pipliya-Bhawanimandi- Dug BOT Road. UBN-RRC2526WSOB00211 | 9.11 Lakh | ई-115/25-26 |
| Tent, Stage, Sound System work at University of Kota. UBN: RRC2526WSOB00209 | 03.38 Lakh | 122/25-26 |

निविदा प्रपत्र, शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइट http://roads.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा हेतु संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http:// eproc. rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

राजस्थान सरकार

## कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), चुरू

फोन नं. 01562-254476 Email-ID:-adagr_chur@rediffmail.com
क्रमांक- 2025-26/1563-70 दिनांक- 22,05.2025

**सीमित निविदा संख्या 02 / 2025-26**

श्रीमान् कृषि आयुक्तालय राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक एफ 5 ( 4 ) कृ. प्र. / /2025-26 / 8698-8861 दिनांक 06.05.2025 की अनुपालना में चूरू जिले में एक दिवसीय महिला प्रशिक्षण, फसल पद्धति आधारित प्रशिक्षण एवं दो दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण, एफएफएस आधारित प्रशिक्षण तथा अन्य अनुमानित प्रशिक्षणों के लिए सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), चूरू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थानों पर निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रमानुसार आयोजित किये जाने हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु वर्ष 2025-26 इच्छुक फर्मों / मालिकों से निर्धारित प्रपत्र मे सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सीमित निविदा प्रपत्र दिनांक 01.06.2025 को दोपहर 11.00 बजे तक निविदा चलान द्वारा शुल्क जमा करवा कर प्राप्त किया जा सकता है। सीमित निविदा प्रपत्र दिनांक 01.06.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा की जावेगी एवं उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। सीमित निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय समय में एवं www.sppp.raj.gov.in portal देखी जा सकती है। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू.) | अमानत राशि (रू0) | निविदा शुल्क प्रति फार्म (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| प्रशिक्षण में भोजन, नाश्ता (जलपान), चाय की व्यवस्था | 7,50,000 | 15000 | 200 |

DIPR/C/6885/2025

(कुलदीप शर्मा)
सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)
चूरू (राज.)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail-eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:-658-672 Date -21-05-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 07/2025-26 Construction & Commissioning of 32 Nos. 125 mm diameter Bore Holes for Hand Pumps and installation of India Mark II/III Hand Pumps Complete with Platform at Various Villages under PHED Division churu are invited form interested bidders upto 03-06-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// sppp. rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 07/2025-26 Rs. 28.49 Lacs.

UBN No. Phe 2526050802580 RS 28.49 Lacs

DIPR/C/6894/2025

Executive Engineer,
PHED Division Churu

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक ग्रा. प./ सा./2025/26/ दिनांक 28/05/2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालासर में निम्नलिखित पट्टो के आवेदन पर राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 148 के तहत आपतियां आमंत्रित की जा रही है।

| क्र.स. | पट्टा आवेदक का नाम | पड़ोसियों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1. | प्रकाश पुत्र रत्नाराम ढाका | भूमि व मकानात मुली देवी पत्नी रतन लाल ढाका | सार्वजनिक बाड़ी चौक | मकानात- कुशलाराम पुत्र हीराराम ढाका व रतनाराम ढाका पुत्र खुमाराम | आम रास्ता व सड़क |
| 2. | मदनलाल पुत्र खंगाराम ढाका | मकानात- भंवरलाल पुत्र खंगाराम ढाका | मकानात- मेघाराम पुत्र खंगाराम | आम रास्ता | मकानात- कैलाश पोद्दार |
| 3. | मेघाराम पुत्र खंगाराम ढाका | मकानात- मदनलाल पुत्र खंगाराम ढाका | मकानातः- रमेश पुत्र नेमाराम ढाका | आम रास्ता | मकानात- भरत गुप्ता |

उपरोक्त आबादी भूमि के पट्टे बनाने के आवेदनों पर आपतियाँ आमंत्रित की जा रही है इन सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई/किसी भी प्रकार की आपति हो तो दिनांक 28/06/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपति को स्वीकार नही किया जायेगा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)

E-mail-eepphedsrdr@gmail.com 801564 - 220452 Fax 01564-220452

क्रमांक अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025-26 / 504 दिनांक-20/05/2025

**निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 02.06.2025 तक कार्यालय समय में इस कार्यालय में विक्रय की जाकर दिनॉक 03.06.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03.30 बजे खोली जावेगी। प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836- X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती - 007500-800-52-01) EMD (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य से संबंधित चालान कि प्रति निविदा के साथ संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी। डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा। निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र, व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा। ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाखो मे | निविदा शुल्क राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05/2025-26 | Annual Rate Contract of the Distribution of water bill to the consumer under division Sardarshjahar. | 04.50 | 500 | 9000 | 12 Month |

जल ही जीवन है– बूंद बूंद संग्रहण योग्य है।

DIPR/C/6811/2025

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता (परि.)
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

# भूमिपूजन के साथ ट्यूबवैल खुदाई कार्य आरंभ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के नरोडडा गाँव के आथूना बास में पानी की किल्लत से जूझ रहे मौहल्ले वासियों के लिए स्थानीय निवासी व महाराष्ट्र के पुषद प्रवासी भामाशाह प्रहलाद जांगिड़ ने पिता गोपीराम जांगिड़ की स्मृति में एक ट्यूबवेल (मय फिटिंग व मोटर) का भूमिपूजन कर खुदाई कार्य आरंभ करवाया। भामाशाह के बड़े भाई कजोड़मल ने विधिवत कार्य आरंभ कराया। उन्होंने बताया कि आवश्यकता होने वे ऊंची टंकी भी बनवाएंगे। प्रशाशक महेंद्र सिंह की प्रेरणा से हो रहे इस सद्कार्य के लिए मौहल्ले वासियों ने भामाशाह परिवार के कजोड़मल, प्रकाश, अजय कुमार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुआं प्रबंधक गणेश मुनीम, बालाजी मंदिर के पुजारी रामसेवक शर्मा, फत्तूराम, जीवण जांगिड़, जगदीश जांगिड़, नर्सिंग ऑफिसर राजेश ख्यालिया, जैताराम ठेकेदार, मुकेश, ताराचंद ख्यालिया, महेश ठेकेदार, मालाराम ख्यालिया, सुभाष शर्मा (बाबूजी), सुरेश शिवरान, मुकेश ख्यालिया सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सर्प शिक्षा व सर्प रेस्क्यू ट्रेनिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सर्पदंश से बचने, आम लोगों को सर्प भय से बचाने के लिए राजस्थान वाइल्ड लाइफ एंड नेचर सोसाइटी लक्ष्मणगढ़ की ओर से सर्प शिक्षा अभियान व मिशन स्नेक बाईट डेथ फ्री इंडिया के अंतर्गत सर्प शिक्षा व सुरक्षित सर्प रेस्क्यू ट्रेनिंग विषय पर वन विभाग सीकर के कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्प शिक्षक भवानी शंकर सोनी ने वन विभाग के कर्मचारियों को साँपो के बारे में सामान्य जानकारी दी गई। सर्प शिक्षक सोनी ने बताया कि सभी साँप विषैले नही होते है। बिग फोर यथा कोबरा, कॉमन करैत, रसल्स वाईपर व सॉ स्केल्ड वाईपर को छोड़कर बाकी साँप हानिकारक नही होते है और बहुत से साँप विषहीन होते हैं। साँपो का सुरक्षित रेस्क्यू कैसे किया जाए ? विषय पर सर्प शिक्षक कैलाश चंद सैनी ने वन विभाग के कर्मचारियों को वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से सुरक्षित रेस्क्यू का प्रशिक्षण प्रदान किया और सर्पदंश के बाद क्या करना चाहिए, इस पर भी कर्मचारियों को जानकारी उपलब्ध करवाई गई। सैनी ने बताया कि सर्पदंश के बाद मरीज को जल्दी से जल्दी चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाए। किसी झाड़ फूंक के चक्कर मे नही जाए। इस अवसर पर साँपो के बारे में समाज मे फैले अंधविश्वास, भ्रांतियां, किवदंतीयो के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। वन विभाग सीकर के फॉरेस्ट रेंजर अमित देवंदा ने टीम राजस्थान वाइल्डलाइफ एंड नेचर सोसाइटी लक्ष्मणगढ़ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 10 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में राजस्थान में द्वितीय स्थान पर रही 12, कक्षा की छात्रा कृतिका मटोलिया नूआ निवासी का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विप्र सेना ने अच्छे मार्क्स लाने वाले सभी छात्र छात्राओं का सम्मान माला दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए साफ़ा पहनाया गया। कार्यक्रम संयोजक विप्र सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान महेश बसावतिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज की जबकि मुख्य अतिथि के रुप में अरविंद पारीक मंडावा रहे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पुजारी महासंघ राजस्थान रजिस्टर्ड के जिला अध्यक्ष बिनोद पुजारी व विप्र सेना युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनूप पुरोहित, नरेंद्र शर्मा ढाणी वाले, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ऐडवोकेट रवि शुक्ला, जितेंद्र इंदौरिया, लीलाधर पुरोहित विप्र सेना जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ विद्या पुरोहित, महेश शर्मा व अध्यापक अध्यापिकाएं और शहर के वरिष्ठ नागरिक विद्यालय में उपस्थित रहे। रितिक प्रथम स्थान पर साहिल द्वितीय स्थान पर रहे और विदुषी, राहुल, अप्सरा, कशिश, उस्मान, गर्वोक्षी पुरोहित को भी अच्छे मार्क्स के लिए सम्मानित किया।

# साईं की पुण्यतिथि पर राहगीरों को शरबत पिलाई

जयपुर टाइम्स



**कांवट(निस)।** भादवाड़ी में भंवरलाल साईं (गुरुजी) की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिजनों की ओर से भादवाड़ी बस स्टैण्ड पर राहगीरों को रूहफजा शर्बत पिलाया गया तथा नीमकाथाना बाईपास पर स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे प्रभुजनो को भोजन करवाया गया। इस उपलक्ष पर उनके परिजन व प्रबुद्ध ग्रामीण उपस्थित रहे। इससे पहले साईं की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया।

## रैली निकालकर लगाए जिला कलक्टर जिन्दाबाद के लगाए नारे

# नए बस स्टैंड को लेकर सियायत गरम, दो धड़ों में बंटते नजर आ रहे नेता

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के नए बस स्टैंड को यथावत रखने के लिए भोजलाई चौराहा के व्यापारियों और कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बाइक रैली निकालकर जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा है और जिला कलक्टर का धन्यवाद जताते हुए इसी बस स्टेंड को चालू रखे जाने की मांग की गई है। इसके लिए व्यापारी नए बस स्टेंड पर एकत्रित हुए और बाईक रैली के रूप में गणेश मंदिर और फिर वहां से पैदल ही रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पर पहुंचे, जहां पर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नए बस स्टेंड को शुरू करने पर धन्यवाद प्रकट किया गया और इसी बस स्टैंड को यथावत् संचालित रखने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ राजनेता और व्यापारी अपनी तुच्छ राजनीति चमकाने के लिए शहर में विकास कार्यों में टांग अड़ाते हैं, इसलिए ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं देकर शहर की बढ़ती आबादी के मध्यनजर बस डिपो को ही संचालित रखा जाए, क्योंकि यहां पर सारी सुविधाएं हैं। अगर फिर से पुराना स्टेंड चालू किया जाएगा, तो शहर की ट्रेफिक व्यवस्था फिर से बिगड़ जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोगों ने जिला कलक्टर जिन्दाबाद के नारे लगाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद रेंवतमल पंवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने नया बस स्टेंड शुरू करके अच्छा निर्णय लिया है और हमारी सरकार जनहितकारी सरकार है, लेकिन कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए विकास कार्यों का विरोध करते हैं, इसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता बसंत बोरड़ ने बताया कि जिला कलक्टर ने सही फैसला लिया और आम जनता उनके निर्णय के साथ है। समित पंडित ने बताया कि जब शहर बढ़ रहा है, तो व्यवस्थाएं भी प्रशासन कर रहा है, इससे किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गिरधारीलाल प्रजापत ने कहा कि जब नए बस स्टेंड पर सारी सुविधाएं हैं, जो पुराने बस स्टेंड पर बसें भेजने का कोई औचित्य नहीं हैं। प्रदर्शन के दौरान जुगलकिशोर, पार्षद रेंवतमल पंवार, श्रवण सिंह, पुखराज ढ़ाका, नंदलाल मेघवाल, सोहिल गोपालपुरिया, गणेश जाट, रामसिंह भाटी, रामनिवास प्रजापत, भंवरलाल पांडर, अनिल माटोलिया, प्रदेश वाल्मिकी, भैराराम बावरी, वेदप्रकाश नाथ, राहुल सामरिया, महेश डूडी, संजय प्रजापत, विक्रमसिंह, आशीष चोटिया, पप्पूराम बावरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। जिला कलेक्टर की ओर से लागू नो एंट्री जोन व चालू नए केंद्रीय बस स्टैंड को सुव्यवस्थित करने के लिए एस डी एम सुजानगढ़ को राज्यपाल, मुख्यमन्त्री, दोनों उप मुख्यमन्त्री, जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिए गए हैं। सुजला सत्याग्रही विजयपाल श्योराण ने बताया कि नए बस स्टेंड पर बसों का टाईम टेबल लगाया जाए और वहां सभी बसों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार टैम्पो रूट और टैम्पो किराया तय किया जाए और सभी टेम्पो पर नम्बर भी लिखे जाकर किराया सूची चस्पा की जाए। इसी प्रकार लाडनू रोड़ से लेकर नए बस स्टेंड तक सिटी बस सेवा भी शुरू की जावे। ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिले और बस स्टैंड भी फैल न हो।

# शादी समारोह में फायर करने वाला आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

## पिस्टल व कारतूस बरामद

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा पुलिस ने ढाका का बास में एक शादी समारोह के दौरान हवाई फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी निखिल बराला को जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक लाइसेंसी पिस्टल, 6 खाली कारतूस और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। थानाधिकारी पुलिस थाना मण्डावा रामनिवास के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस संबंध में बृजलाल पुत्र मोहनसिंह निवासी श्योपुरा ने 11 मई 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 11.05.2025 को ग्राम ढाका का बास में एक शादी समारोह के दौरान आरोपी निखिल बराला ने अपनी जेब से पिस्टल निकाल कर लहराते हुए कई राउंड हवाई फायरिंग की। इसके साथ ही, उसने पास खड़े एक अन्य व्यक्ति को भी अपनी पिस्टल थमाकर फायरिंग करवाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई।

**शादी समारोह में फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

वीडियो सामने आने के बा वीडियो का बारीकी से




अवलोकन किया गया और आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गई। उसके बाद आरोपी की तलाश में ग्राम ढाका का बास, कस्बा मण्डावा, मुकुन्दगढ़, नवलगढ़, सीकर, रींगस और जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। साथ ही, मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया और सूचना एकत्रित कर आरोपी का सुराग लगाया गया। आरोपी निखिल बराला (22) पुत्र नरेन्द्र बराला को जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने शादी समारोह के दौरान अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाइसेंसी पिस्टल, छह खाली कारतूस और छह जिंदा कारतूस बरामद किए।

# दौलतपुरा में श्मशान भूमि को लेकर विवाद गहराया

## ग्रामवासियों का प्रदर्शन, प्रशासन ने कर दी भूमि निरस्त

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** चुड़ैला दौलतपुरा गांव में श्मशान भूमि को लेकर जारी विवाद ने जोर पकड़ लिया है। ग्राम पंचायत चुड़ैला के राजस्व ग्राम दौलतपुरा में श्मशान घाट की भूमि को यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से पहले विधिवत आवंटित की गई श्मशान भूमि का आदेश अचानक निरस्त करना जनभावनाओं और पारंपरिक मान्यताओं का अपमान है। यह श्मशान घाट पिछले 130 वर्षों से जाट और मेघवाल समाज के लोग अंतिम संस्कार के लिए उपयोग में ला रहे हैं। इस भूमि पर लगभग 250 से 300 पेड़, दो पानी की टंकियां, एक टीन शेड और चारदीवारी भी मौजूद है, जिससे यह स्थल एक सुव्यवस्थित और सम्मानजनक श्मशान घाट के रूप में जाना जाता है। ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित ग्राम सभा में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर श्मशान भूमि को यथावत बनाए रखने की मांग की गई थी। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत तहसीलदार, गिरदावर और पटवारी की ओर से प्रस्ताव तैयार कर उपखंड अधिकारी मलसीसर को भेजा गया था। उपखंड अधिकारी की संस्तुति और पंचायत प्रस्ताव के आधार पर जिला कलेक्टर द्वारा श्मशान भूमि का विधिवत आवंटन भी कर



दिया गया था। हालांकि, बाद में ग्राम की आबादी के मात्र 5 प्रतिशत हिस्से वाले एक विशेष समाज ने इस फैसले का विरोध किया। उनके विरोध के आधार पर प्रशासन ने पुनः जांच करवाई और उसके बाद कलेक्टर ने पहले जारी किए गए आदेश को निरस्त कर दिया। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान ग्राम पंचायत चुड़ैला के सरपंच राजीव चौधरी ने प्रशासन के निर्णय को 'ग्रामवासियों की भावनाओं के विरुद्ध' बताया। उन्होंने कहा कि यह श्मशान घाट सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं है, बल्कि 130 वर्षों की परंपरा और ग्राम की सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया, तो ग्रामवासी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राजीव चौधरी ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अपने फैसले की पुनः समीक्षा करें और श्मशान भूमि को पूर्व की स्थिति में बहाल करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत इस मुद्दे पर किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेगी।

# आदर्श स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम, टॉपर्स का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 10वीं व 12वी के परीक्षा परिणामों में आदर्श विद्या मन्दिर मण्डावा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह व विजय जुलूस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह मक्खन लाल यादव, महेश चन्द्र तेतरवाल, हरिशंकर राहड़, शीशराम, नवीन कुमावत सहित अभिभावक मंचासीन रहे। कक्षा 10 में हिंदी माध्यम से कुमारी साक्षी, पुत्री बृजेश कुमार, ने शानदार 96.17% अंक प्राप्त कर मण्डावा क्षेत्र की टॉपर बनीं। वहीं, अंग्रेजी माध्यम से हिमांशु शेखावत, पुत्र मैनपाल सिंह, ने 96% अंक अर्जित कर अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय में आरती पुत्री विनोद कुमार 98.60% के साथ 6ठी राज्य स्तर मेरिट होल्डर बनी, विज्ञान संकाय में प्राची पुत्री नरेश 97.20% व वाणिज्य संकाय में कसक जांगिड़ पुत्री सुरेश कुमार 94.00% के साथ मण्डावा टॉपर रही। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा अभूतपूर्व प्रदर्शन किया और गर्व की बात है कि विद्यालय का परिणाम 100% रहा। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समस्त विद्यार्थियों को माल्यार्पण, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने समस्त अथितियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया व समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंच संचालन गोविन्द सोनी ने किया। इस अवसर पर अभिलाषा तेतरवाल, आदर्श तेतरवाल, बिहारी लाल, संजीव कुमार, ओमप्रकाश, प्रताप सिंह सैनी, पूनम शर्मा, प्रीति जोशी, सुभीता, अनिता रेवाड़ सहित समस्त स्टाफ, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता दिवस पर विशेष गोष्ठी

# निष्पक्ष पत्रकारिता से ही समाज की समस्याओं का समाधान संभव

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित होटल हेरिटेज में शुक्रवार को पत्रकारिता दिवस पर विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। पत्रकार संगठन के संघरक्षक अरविन्द पारीक की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक गण मान्य लोग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शिक्षाविद्व विद्या पुरोहित ने पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1826 में पहले अखबार की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन प्रिंट मीडिया अब भी अपनी जगह बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि पत्रकार हिंदी पत्रकारिता को मजबूत और निष्पक्ष बनाने में लगे हैं। वे समाज की समस्याओं को उठा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लालच या भय के कारण समस्याओं से समझौता करना पत्रकारिता के लिए नुकसानदायक है। विद्या ने हिंदी पत्रकारिता को समाजहित का मिशन बताते हुए कहा कि पत्रकारिता का मुख्य काम जनता की आवाज को मुखर करना है। सत्ता से सवाल पूछना और सामाजिक समस्याओं का समाधान खोजना भी जरूरी है। अरविन्द पारीक ने युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ईमानदार और निष्ठावान पत्रकार कभी



नहीं हारते। नई पीढ़ी के पत्रकारों को सजग और साहसी बनने की सलाह दी। कार्यक्रम में झुंझुनूं के महेश बसावतिया भी शामिल हुए। उन्होंने सभी ने निष्पक्ष और जनपक्षधर पत्रकारिता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। यह गोष्ठी पत्रकारों के बीच संवाद का माध्यम बनी। साथ ही पत्रकारिता की भूमिका को नए नजरिए से समझने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, विनोद दिलाई वाले, विष्णु शर्मा, ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज, विनोद पुजारी, किशोरसिंह राठौड़, अनूप पुरोहित, नरेन्द्र शर्मा, लीलाघर पुरोहित, रवि शुक्ला, महेश शर्मा, जितेन्द्र इन्दोरिया, एसपी लाहोरा, पवन शर्मा, रघुवीर जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्रभावी सम्प्रेषण ज्ञान प्रदान करने का सशक्त माध्यम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की आईएएसई डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो बीएल शर्मा की ओर से विशेष वार्ता दी गई। यह प्रसार वार्ता आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित की गई। वार्ता का विषय-शिक्षा व ज्ञान का स्थानांतरण महत्व प्रस्तुतीकरण व सम्प्रेषण रखा गया। प्रो शर्मा ने बताया कि आप परीक्षा के माध्यम से ज्ञान का परीक्षण करते है लेकिन आपका सम्प्रेषण कौशल महत्वपूर्ण होता है। विषय वस्तु कितनी भी उपयोगी व ज्ञानाधारित हो



सम्प्रेषण कौशल के माध्यम से ही उसका सही प्रस्तुतीकरण हो सकता है। दसवीं कक्षा में छठे स्थान पर आने वाला विद्यार्थी बारहवीं कक्षा में द्वितीय श्रेणी से पास होता है। क्या कारण है कि ऐसा हुआ। विषेश बात यह है कि बात कहने प्रश्न करने की कला महत्वपूर्ण है। आपकी भाषा संयमित, छोटी व सारगर्भित होनी चाहिए। एक शिक्षक होने के नाते ज्ञान का सम्प्रेशण महत्वपूर्ण होता है। सम्प्रेषण कौशल दो प्रकार का होता है। एक जो अपने अंदर है दूसरा सिखाया जाए प्रशिक्षण दिया जाए। एक अन्य प्रकार भी है कि विषय वस्तु को रटकर प्रस्तुत किया जाए। सम्प्रेषण कौशल खराब होने पर प्राप्तकर्ता तक आपकी बात नहीं पहुंच पाएगी। बोली का प्रभाव हमारे सम्प्रेषण पर पड़ता है। स्थानीय भाषा या मातृभाषा सम्प्रेषण का प्रभावी माध्यम होता है। यह हिन्दी व अन्य सभी भाषाओं का आधार है। हम अनेक बोली और भाषा के बीच फंसकर रह गए है। जैसे आंचलिक बोली, स्थानीय बोली, हिन्दी व अंग्रेजी भाषा इन सब का प्रभाव हमारे अचेतन मस्तिषक पर पड़ता है। इसके चलते यदि चेतना के साथ प्रस्तुतीकरण हो तो सही होगा। लेकिन यदि अचेतनता में कार्य करेंगे तो भाषा व सम्प्रेषण में गलती होगी। आपकी लेखन वाचन योग्य होनी चाहिए। अक्षर बड़े लिखें, प्रदत ज्ञान में प्राप्तकर्ता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एक शिक्षक परिचय दे तो वास्तविक हो काल्पनिक नहीं। शब्दों का चयन महत्वपूर्ण है। चित्र प्रदर्शन से सीमित रूप में स्पष्टीकरण किया जा सकता है। दोहरान नहीं करें। विषय वस्तु क्रमवार हो, एक पहरे में एक ही सूचना/घटना अथवा तथ्य हो। पढ़ने और लिखने की आदत बनाए रखनी चाहिए। जिससे भाषा सशक्त होगी। साथ ही ऐसा साहित्य पढ़े जिसमें वार्तालाप हो। सफलता प्राप्त करने की दो कसौटियां है ज्ञान व सम्प्रेषण। धन्यवाद डॉ पूराराम मेघवाल अधिष्ठाता ने दिया। संचालन डॉ उमा सैनी, सहायक आचार्य ने किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के समस्त प्राध्यापक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

# गोपालपुरा में प्लास्टिक लाओ, चीनी पाओ अभियान शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा द्वारा प्लास्टिक के बदले चीनी देने का प्रावधान किया गया है। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि 1 जून से पंचायत में थैली, पाउच, पैकेट तथा पानी के बोतल लाने वाले ग्रामीणों को प्लास्टिक के वजन की चीनी दी जाएगी। साथ ही एक किलो प्लास्टिक पर चीनी के साथ एक साबुन व पढ़ने वाले बच्चे को 40 रु. की शिक्षण सामग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही एक साल में पांच किलो प्लास्टिक के बदले 5000 रु. के पुरस्कार विद्यार्थी की दिए जाएंगे। उपसरपंच गणपत दास ने बताया कि पंचायत में जन जागरण अभियान चलाया जाकर प्लास्टिक के नुकसान की जानकारी ग्रामीणों को दो गई। इंदिरा जानू, कमला नाई, लिछमा स्वामी, गीता जानू, फूला प्रजापत, कमला देवी, सोहनी, संतु आदि महिलाओं ने बताया कि इस कार्य से गायों व धरती की प्लास्टिक से सुरक्षा होगी। मूलाराम, शिव कुमार शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, बाबूलाल मेघवाल, धर्माराम, विक्रम मेघवाल, नेमीचंद प्रजापत ने बताया कि गांव में प्लास्टिक निवारण के लिए उत्साह है।

# शिक्षक संघ अंबेडकर के चुनावः नरेंद्र नायक अध्यक्ष, नेतराम मीणा बने मंत्री



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे के राउमावि ज्योति पाठशाला रतनगढ़ में राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। प्रथम सत्र में महात्मा बुद्ध और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीशराम माहिच और मुख्य अतिथि एसीबीईओ उमेश जाखड़ के साथ अन्य अतिथि में हंसराज सांवा, राजकुमार चिड़दिया, चेतराम खारड़िया जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल मंचस्थ रहे। कोषाध्यक्ष भंवरलाल सांवा ने गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा रखा। वक्ताओं ने संगठन की रीति नीति से अवगत करवाते हुए संगठन के साथ जुड़े रहने और मजबूती प्रदान करने की बात रखी। दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी बिशनलाल कटारिया और चुनाव पर्यवेक्षक राकेश कुमार मेघवाल के सान्निध्य में सभाध्यक्ष राजेंद्र बोकोलिया, अध्यक्ष नरेंद्र कुमार नायक, ब्लॉक मंत्री नेतराम मीणा, कोषाध्यक्ष अनिल कंवल को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न करवाया। जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित सभी शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर दानाराम मेघवाल, जगदीश प्रसाद चौहान, मदनलाल खारड़िया, ओंकार मल रोलण, सत्यनारायण टेलर, ओमप्रकाश बारूपाल, सूर्यप्रकाश, प्रभुराम सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार नायक ने किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. माण्डिया का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिला सहकारी भूमि विकास बैंक सभागार में राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर शुक्रवार को बैंक सचिव डॉ. सुनील कुमार माण्डिया का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ईशरराम डूडी ने की। इस अवसर पर स्टॉफ सदस्यों ने मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर डॉ. माण्डिया का अभिनंदन किया। गौरतलब है कि डॉ. सुनील कुमार माण्डिया का चूरू से स्थानांतरण हो गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वर्तमान सचिव निशा कुमारी ने डॉ. सुनील कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा की और आगे भी इनके मार्गदर्शन में कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मनफूल सिंह पुनिया, भारत भूषण शर्मा, लियाकत अली, प्रभुदयाल सैनी, सुरेंद्र सोलंकी, तिलोकचंद, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र, रोहिताश, धर्माराम सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य व शहर के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. माण्डिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हादसे में एक बाइक सवार घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कार ट्रेक्टर ट्रॉली से टकराकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। सुजानगढ़ सालासर रोड पर ओम बन्ना मंदिर के सामने मोटरसाइकिल सवार खडी ट्रेक्टर ट्रॉली और कार से टकरा गया जिससे वह घायल हो गया। घायल फेफ सिंह पुत्र चतर सिंह राजपूत उम्र 41 वर्ष निवासी भनिसारिया तेज को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया तथा परिजनों को सूचित किया। डॉ रामरतन बिस्सू ने इलाज किया। सूचना पर सदर थाना सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह भी मौके और अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# हल्दी घाटी में समर लड़्यो वो चेतक रो असवार कठैः छोटू सिंह

## महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती पर रतननगर व थैलासर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित








जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अंचल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती गुरुवार को समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास समिति रतननगर की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार शाम को रतननगर के मुख्य बाजार को केसरिया ध्वजों से सजाया गया और बस स्टैंड पर प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थल पर समिति के संरक्षक व अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर वासियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान शहरवासियों ने महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाए व एक-दूसरे को मिठाई वितरित की। इसी श्रृंखला में गुरूवार रात्री को थैलासर स्थित श्री बाल हरिराम दुर्ग में स्मृतिशेष सम्पत देवी भंवरलाल हीरावत परिवार के सौजन्य से बाड़मेर के विख्यात गायक कलाकार छोटूसिंह रावणा व रामावतार मारवाड़ी की ओर से देश भक्ति व भजन संध्या की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर समिति संरक्षक बसंत हीरावत, अध्यक्ष कैप्टन (नेवी) दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंत्री सम्पत तंवर, कोषाध्यक्ष प्रो. डॉ. के.सी. सोनी, सदस्य उदय सिंह, गौरव शर्मा व थैलासर के गणमान्य लोगों ने गायक छोटू सिंह का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान छोटू सिंह को महंत शिवनाथ महाराज ने अमृतनाथ व रतिनाथ महाराज की तस्वीर व थैलासर के नवयुवकों ने तलवार भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से किया गया। इस दौरान छोटू सिंह रावणा ने हरे घास री रोटी, पन्ना काली बा अंधियारी आधी रात पद्यमीनी स्वाभीमान, तीन बाण के धारी, म्हारी गाड़ी को डलेवर, हल्दी घाटी में समर लड़्यो वो चेतक रो असवार कठै, सालासर बालाजी व करणी माता सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। व्यवस्था कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया गढ़ प्रांगण में 3000 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था करने के बावजूद भी लोगों को बैठने की जगह नहीं मिली। उपस्थित दर्शकों ने गायकारों का तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में थैलासर के नागरिकों ने समिति संरक्षक बसंत हीरावत का साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# जिला स्तरीय शिकायत निराकरण समिति व जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय शिकायत निराकरण समिति एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने रबी 2023-24 की गैर अनुमोदित पॉलिसियों, खरीफ -2023 के लिए गैर अनुमोदित पॉलिसियों, खरीफ - 2024 के गैर सर्वेक्षित पोस्ट हार्वेस्ट लॉसेस क्षति सूचनाओं, बैंकों के गत वर्षों के अनिस्तारित प्रकरणों, रबी 2024-25 के टीजीआरसी निर्णय की अनुपालना, रबी 2024-25 की फसल कटाई प्रयोगों पर आपत्तियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए योजना प्रावधानों अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए सभी संबंधितों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने बैंक प्रतिनिधियों, कंपनी प्रतिनिधियों को प्रकरणों में समुचित रिपोर्ट आदि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और कृषि विभाग के अधिकारियों, किसान प्रतिनिधियों, बैंक प्रतिनिधियों व बीमा कंपनी प्रतिनिधियों की सदस्यता में उपसमिति का गठन कर प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंकर्स को आगामी खरीफ -2025 में सभी केसीसी धारकों को अनिवार्यत बीमा कवरेज प्रदान करने (जिनके योजना से बाहर रहने का विकल्प ना दिया गया हो) के निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय तिलहन मिशन अन्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योजनान्तर्गत वैल्यू चैन पार्टनर और तकनीकी सहायक एजेन्सी के चयन पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने तिलहनी फसलों को प्रोत्साहन देने के लिए सभी हितधारकों के समुचित समन्वय की बात कही। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) मुकेश कुमार माथुर ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बैठक का संचालन किया। इस दौरान एलडीएम अमरसिंह, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, नाबार्ड से जीएल निर्वाण, आत्मा पीडी राजकुमार कुल्हरि, उधान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, निर्मल कुमार, सहायक निदेशक कृषि विस्तार कुलदीप शर्मा, बीमा कम्पनी रिलायन्स, एसबीआई, न्यू इण्डिया, यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि, बैंकर्स व कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में वाटर कूलर भेंट




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वर्गीय लीलावती देवी धर्मपत्नी दुर्गा प्रसाद चोटिया की स्मृति में उनके सुपुत्र वेद प्रकाश, नरेंद्र व निर्मल चोटिया की ओर से वाटर कूलर भेंट कर सराहनीय कार्य किया है। जिसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चोटिया परिवार के महेश जोशी, जाह्नवी, सुशीला, वैभव, लक्ष्मी देवी, यश, मीनाक्षी, सुनैना, मानसी, वेदाशी, कुमुद, रितु आदि परिवारजन उपस्थित थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने सराहनीय कार्य के लिए चोटियां परिवार का आभार व्यक्त किया। ग्रीष्मकाल में छात्राओं के लिए किया गया यह कार्य बहुत ही उपयोगी व प्रशंसनीय है। इस अवसर पर सह आचार्य नवीन कुमार पारीक, लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह भाटी, विक्रम सोनी, अशिता गढ़वाल, गजेंद्र दान चारण, मुकेश लोछब आदि संकाय सदस्य व महाविद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।


# बोर्ड परीक्षा परिणामों में आदर्श स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री आदर्श क्रिएटिव स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता की परम्परा को जारी रखते हुए कक्षा 5 बोर्ड रिजल्ट में भी शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के 30 विद्यार्थी ग्रेड आने से विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। विद्यालय में ग्रेड प्राप्त आदर्श बाल प्रतिभाओं आरोही सैन, अंजलि, आराध्या, रामचंद्र, आयुषी सैनी, भैरव पारीक, भव्य सोनी, भव्या स्वामी, देवेंद्र सिंह जांघू,दिव्यांशी कँवर, ग्रन्थ सोनी, हिमांशी नाई, इशानी सोनी, कनिष्का बरोड़, केशव पारीक, कोमल सैन, कुणाल शर्मा, मानव सैनी, मनीष सोनी, नक्श सेवदा, परी, राघव सोनी, संस्कार शर्मा, शिवम शर्मा, आरुषि जांगिड़, दीक्षिता, हर्ष कुमार, केशव सैनी, खुशहाल शर्मा व नवदीप सिंह चारण को साफा पहनाकर व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। विद्यालय परिसर के बाहर आतिशबाजी कर शानदार परीक्षा परिणाम का जश्न मनाया गया। अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग समारोह में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राइमरी विंग प्रभारी हेमलता महर्षि ने बताया कि यह एक अनूठी उपलब्धि है। जिसका श्रेय अभिभावकों, टीम आदर्श व बच्चों की कड़ी मेहनत को जाता है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों तथा गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में समय समय पर आयोजित की जा रही हैं। शैक्षणिक गतिविधियों तथा श्रेष्ठ मोटिवेशनल आयोजन से यह लक्ष्य अर्जित हो पाया है। समारोह में समाजसेवी प्रहलाद पांडिया, प्रकाशचंद्र पारीक, विकाश नाई, राकेश स्वामी, संदीप चौधरी ने विचार रखते हुए टीम आदर्श को श्रेष्ठ रिजल्ट का प्रयास बताया। इस अवसर पर प्राचार्य शिवरतन पारीक, राधेश्याम बढ़ाढरा, सुशील गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन कंचन मारू तथा ज्योति निर्वाण ने किया।

# एडीएम ने ली एमआरएस की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक स्थानीय राजकीय बगड़िया अस्पताल के पीएमओ कार्यालय में आयोजित की गई। एडीएम मंगलाराम पूनिया के सानिध्य में आयोजित बैठक में विधायक मनोज मेघवाल, पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा, डॉ. दिलीप सोनी, मनोज पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक में अस्पताल में बने कॉटेज वार्डों की मरम्मत किए जाने तथ वार्डों का रिनोवेशन किए जाने के बारे में चर्चा की गई। इसी प्रकार ओपीडी कक्षों में चर एसी लगाने, लैबों जांचों को रखने के लिए 2 डीप फ्रिजर क्रय किए जाने सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा कीगई।

23 साल पुराने संपत्ति सौदे में धोखाधड़ी का मामला

# दुकान के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले पिता-पुत्र सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस ने एक पुराने संपत्ति विवाद में बड़ी कार्रवाई की है। सरदारशहर थाना पुलिस ने फर्जी विक्रय इकरारनामा बनाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंसाक छींपा और उनकी पत्नी हनीफन ने 2002 में डूंगरराम लुहार से एक दो मंजिला दुकान खरीदी थी। बाद में उन्होंने इसे जयप्रकाश को किराए पर दे दिया। डूंगरराम ने अपने पुत्र पप्पूराम और नारायण के साथ मिलकर जयप्रकाश की मदद से 2021 में फर्जी विक्रय इकरारनामा तैयार कर लिया।जयप्रकाश ने 2023 में इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपने नाम से बिजली कनेक्शन भी ले लिया। मामला जनवरी 2025 में प्रकाश में आया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में की गई कार्रवाई में 78 वर्षीय डूंगरराम, 44 वर्षीय पप्पूराम और नारायण को गिरफ्तार किया गया। तीनों महाराणा प्रताप कॉलोनी के रहने वाले हैं।आरोपियों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और साजिश रचने का आरोप सिद्ध हुआ है। उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया हैं।

# संविदा कार्मिक के साथ मारपीट का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जनता जल योजना में कार्यरत संविदाकर्मी का शर्ट फाड़ देने और उसके साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सदर पुलिस को दी गई रिपोर्ट में शहरी जल योजना के कनिष्ठ अभियन्ता रवि शर्मा ने बताया है कि हरदेवाराम पुत्र मदनलाल धोजक निवासी गांव मगरासर, जनता जल योजना में मगरासर में संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत है। हरदेवाराम ने प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि मैं 22 मई को प्रातः साढ़े 6 बजे मगरासर के पास में पाईप लाईन का लीकेज ठीक करवाने के लिए गया था। वहां पर नारायणसिंह निवासी मगरासर आया और और कार्मिक हरदेवाराम से पूछा कि तूं यहां पर क्या कर रहा है? जिस पर कार्मिक ने कहा कि मैं यहं लीकेज दुरूस्त करवाने के लिए आया हूं। जिस पर नारायणसिंह ने कहा कि तू कौनसे लीकेज जोड़ता है, मुझे फोटो भेजना। जिस पर कार्मिक ने कहा कि काम करने के बाद फोटो मेरे सीनियर अधिकारी को भेजूंगा। यह सुनते ही नारायणसिंह ने कार्मिक का शर्ट फाड़ दिया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि आरोपी ने धमकी दी कि अगर दुबारा फोटो भेजने से मना किया, तो जान से मार दूंगा। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि इसको लेकर पहले भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन उसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई। अतः अब मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए। सीआई को सदर पुलिस थाने में रिपोर्ट सौंपते वक्त मोहनराम मूंड, श्रवण तंवर, शंकर सैनी, धनराज गुर्जर, गोपालराम मेघवाल, अनिल कुमार टेलर आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलसीसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्षा 12 कला वर्ग में प्रथम चंचल खिलेरी, द्वितीय आईना शर्मा, तृतीय भगवती और 12 वीं विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान विकास कुमार स्वामी, द्वितीय स्थान पंकज, तृतीय स्थान केशव और कक्षा 10 में प्रथम स्थान सावित्री, द्वितीय स्थान आईना और तृतीय स्थान हासिल करने पर मोनिका मेघवाल को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को माला साफा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा, स्टाफ सदस्य व एसडीएमसी सदस्यों की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए धर्मसिंह मीणा ने कहा कि शिक्षा मात्र रोजगार का साधन नहीं है, बल्कि शिक्षा हमारा सर्वांगीण विकास करती है और जीवन में निखार लाती है। कार्यक्रम में प्रकाश चन्द जाट, रूघाराम नेहरा, राहुल बुगालिया, कालुराम खिलेरी, दुर्गा गोदारा सहित अनेक स्टाफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन वेदप्रकाश जाट व्याख्याता ने किया।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
31 मई, 2025

जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को दिए निर्देश

# जल संरचनाओं के विकास व संरक्षण के लिए करें संकल्पित प्रयास : सुराणा

## जिले में 5 जून से 20 जून तक चलाया जाएगा जल संग्रहण व जल संरक्षण पखवाड़ा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिले के सभी अधिकारियों को समीक्षा बैठक में विभागीय गतिविधियों की चर्चा कर जिले में 5 जून से 20 जून तक आयोजित किए जाने वाले जल संग्रहण व जल संरक्षण पखवाड़े और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए।




### जल संग्रहण व जल संरक्षण पखवाड़े को लेकर निर्देश

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि हम सभी मिलकर जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए संकल्पित प्रयास करें। हम सभी का प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित हो और हम सभी समन्वित प्रयासों से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जल संरचनाओं व जलग्रहण गतिविधियों को बढ़ावा दें। इसमें सभी विभागों का मजबूत समन्वय हो और आमजन, एनजीओं व स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। पखवाड़े के दौरान दैनिक गतिविधियों की प्लानिंग हो। जिला स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर तक सभी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाएं।

### आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

पखवाड़े के दौरान वर्मी कंपोस्ट, फॉर्म पौंड, पानी की डिग्गी आदि की स्वीकृति जारी करवाना, कृषि शिविर, स्प्रिंकलर डेमो, प्रगतिशील किसानों की बैठक, कृषक प्रशिक्षण, मेड़बंदी, खेत तालाब निर्माण पर विशेष कार्य, केवीके में विशेष गोष्ठियां, स्कूलों में निबंध व भाषण प्रतियोगिता, जलग्रहण संरचनाओं की सफाई, स्कूल परिसर में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली की स्थापना, जल/स्वच्छता सप्ताह, स्कूलों में बच्चों की जल प्रहरी टीमों का गठन व प्रशिक्षण, मॉडल स्कूल चयन, जल संग्रहण सरंचनाओं का पूजन, महानरेगा निरीक्षण, ग्राम सभा, जल स्त्रोंतों की सफाई, नवीन स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करवाना, एसबीएम गतिविधियां, वृक्षारोपण, एमजेएसए अभियान में निर्धारित कार्यों की स्वीकृति जारी करना व कार्य प्रारंभ करवाना, पंचायत भवनों पर जल संरक्षण से जुड़ी आईईसी गतिविधियां करवाना, पंचायत स्तर पर मॉनीटरिंग समितियों का गठन व निरीक्षण, नगरनिकायों में स्वच्छता जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर से जागरूकता, परंपरागत जल स्त्रोतों की सफाई व मरम्मत, विशेष सफाई अभियान, जल संरक्षण रैली, वाटर टेस्टिंग अभियान, हैंडपंप, नलकूपों की मरम्मत, औद्योगिक इकाईयों में जल उपयोग ऑडिट, जल रिसाइकिल प्रणाली लागू करना, औद्योगिक क्षेत्रों में वृक्षारोपण, स्थानीय जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम, प्रत्येक कार्यालय परिसर में परिंडे लगाए जाना व जनसहभागिता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### योग दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर निर्देश

इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सुराणा ने कहा कि योग दिवस के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में समुचित प्रचार- प्रसार करें। औषधालयों में आने वाले आमजन को पीले चावल आदि देकर योग दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करें और योग गतिविधियों से जोड़ें। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी अधिकारी ब्लॉक व ग्राम स्तर पर स्थान का चयन कर समुचित तैयारियां सुनिश्चित करें। इसके लिए उपखंड अधिकारी योगा प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों व कोच आदि के साथ बैठक कर समुचित समन्वय स्थापित कर सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उपखंड व ग्राम स्तर पर लोगों को जागरूक करें तथा सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित सेठाणी जोहड़े में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल संग्रहण व जल संरक्षण पखवाड़े व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एनएफएसए आवेदनों के निस्तारण, ई-फाइल डिस्पोजल टाइम को कम करने, सीएम जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, ई-डाक पेंडेंसी को समाप्त करने सहित विभागीय गतिविधियों को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी पीएम किसान सम्मान निधि योजना में फिजीकल वेरिफिकेशन को लेकर निर्देश दिए। सीईओ श्वेता कोचर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना व ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को लेकर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे और उपखंडों से वीसी के जरिए समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

### अधिकारियों को सौंपे दायित्व

जिला कलक्टर ने कृषि, शिक्षा, पंचायतीराज, उद्यान, सूचना व जनसम्पर्क, सूचना प्रौद्योगिकी व संचार, नगरनिकाय, वाटरशेड, पीएचईडी, उद्योग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे तथा समुचित निर्देश दिए।

# सरदारशहर सभापति राजकरण चौधरी का तख्तापलट की तैयारी

**कलेक्टर के सामने किया अविश्वास प्रस्ताव पेश**

**विधायक सहित कांग्रेस-भाजपा के बागी पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र**

**44 पार्षद होने का किया दावा पेश**



जयपुर टाइम्स

**चूरू/सरदारशहर (निस)।** जिले की सरदारशहर नगर परिषद की सियासी हलचल इन दिनों तेज हो गई है। नगर परिषद सभापति और भाजपा नेता राजकरण चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विधायक अनिल शर्मा सहित कांग्रेस और भाजपा के बागी पार्षद जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के पास पहुंचे। विधायक शर्मा ने 44 पार्षदों के समर्थन का दावा पेश किया है। आपको बता दें कि सरदारशहर नगर परिषद में कुल 55 वार्ड पार्षद हैं। इनमें से 30 भाजपा और 14 कांग्रेस के पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है। तीन भाजपा पार्षद वर्तमान में शहर से बाहर हैं। पार्षदों का कहना है कि जनता के काम नहीं हो रहे हैं, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि प्रशासन अविष्वास प्रस्ताव पर विधि सम्मत कार्रवाई करेगा। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि शहर के विकास के लिए कांग्रेस और भाजपा के पार्षद एकजुट हुए हैं। वहीं सियासी गलियारों में उथल-पुथल शुरू हो गई।

# 40 यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाला 'नशेड़ी' बस चालक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निंस.)।** सीकर से दिल्ली जा रही खेतड़ी डिपो की रोडवेज बस के ड्राइवर ने शराब के नशे में गाड़ी चलाकर यात्रियों की जान को गंभीर खतरे में डाल दिया। यह घटना नीम का थाना क्षेत्र से गुजरते हुए घटी, जहां यात्रियों ने ड्राइवर के नशे में होने की सूचना पुलिस को दी। बस नंबर आरजे 20 पीबी 2372 के चालक सीताराम ने शराब के नशे में बस को अनियंत्रित तरीके से चलाया, जिससे बस में सवार करीब 40 यात्रियों के बीच दहशत का माहौल बन गया। यात्रियों की सतर्कता और पुलिस को दी गई सूचना के बाद पाटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस को पाटन बाइपास पर रोका। पुलिस ने मौके पर चालक की मेडिकल जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। पाटन पुलिस ने आरोपी चालक सीताराम, जो कि बासड़ी थाना खंडेला का निवासी है, को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, यात्रियों को दूसरी बस से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। पाटन पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल मोहनलाल स्वामी ने इस मामले में जानकारी देते हुए कहा कि बस को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह घटना एक गंभीर चेतावनी है कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल यात्री सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह कानून का उल्लंघन भी है।






# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील की भानीपुरा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर भानीपुरा थाने में 26 मई को शिकायत दर्ज की गई थी। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि 7 अप्रैल 2025 की रात को मालसर निवासी पवन कुमार खेत की ढाणी में आया। उसने 15 साल 6 माह की नाबालिग के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने लड़की को ब्लैकमेल कर यौन शोषण करना जारी रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्णा सामरिया और वृताधिकारी रोहित सांखला के निर्देशन में जांच की गई। थानाधिकारी रायसिंह की टीम ने जांच के बाद आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 23 वर्षीय है और मालसर गांव का रहने वाला है।

# पत्रकारिता से बने अच्छा सामाजिक माहौल, जनहितों का हो संरक्षण: सुराणा

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सूचना केंद्र में विचार गोष्ठी

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार संघ व सूचना व जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र में 'वर्तमान हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियां' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पीडीयू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, डीडीपीआर कुमार अजय, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा, वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट गिरधारी सैनी सहित मीडियाकर्मी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पत्रकारिता से अच्छा सामाजिक माहौल बने और जनहितों का संरक्षण हो। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। निष्पक्ष, सटीक और जनहितैषी रिपोर्टिंग ही लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है। हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज के डिजिटल युग तक समाज में चेतना जागृत करने का कार्य किया है। सुराणा ने कहा कि स्वाध्याय की आदत डालें। जनमानस में अखबार और प्रिंट मीडिया को विश्वसनीयता का मजबूत आधार माना जाता है। हम सभी इसके लिए नए कानून व नए नियमों, रिपोर्ट्स के बारे में जागरूक रहें तथा प्रयास करें कि सटीक, सकारात्मक और समयबद्ध जानकारी के साथ अच्छा सामाजिक माहौल बनाएं। उन्होंने कहा कि समय के साथ आधुनिक तकनीकी का समुचित उपयोग करें। जनता के विषयों को निडरता के साथ आगे रखें। एकजुट होकर पत्रकारिता एवं पत्रकारों की संरक्षण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत को 199 वर्ष हो गए हैं। इतने लंबे सफर के दौरान पत्रकारिता के माध्यम एवं प्रकृति में अनेकों बदलाव हुए हैं, परंतु जनहितकारी गतिविधियों के लिए पत्रकारिता की विश्वसनीयता आज भी अपनी अनूठी पहचान रखती है। आज पत्रकारिता की क्षेत्रीयता में सरलीकरण हुआ है। हमें पत्रकारिता के मूल भाव को लेकर समाज की दशा और दिशा के लिए सोचना चाहिए। अच्छा सुनने व पढ़ने वालों की कमी नहीं है। इसलिए हम अपनी विश्वसनीय और पारदर्शिता के लिए संकल्पित रहे। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि तकनीक ने आज सूचना संप्रेषण को बहुत आसान कर दिया है, वहीं बहुत सारी चुनौतियां भी आज मीडिया के सामने हैं। मीडिया को अपनी बुद्धिमता, वैचारिकता और परिश्रम से इन चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी साख बनाई रखनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मीडिया के सोशल और डिजिटल प्लेटफॉर्म डवलप होने से आज पत्रकारों के सामने अवसरों का विस्तार हुआ है और वे ज्यादा बेहतर ढंग न केवल अपनी बात रख पा रहे हैं, अपितु एक बेहतर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने जिला मुख्यालय पर पत्रकारों को भूखंड दिए जाने और प्रेस क्लब भवन निर्माण के अनुरोध पर नियमानुसार व सकारात्मक कार्यवाही की बात कही। डीडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में चूरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिन्दी पत्रकारिता के शुरूआती दौर में चूरू के बजाज ब्रदर्श ने वेंकटेश्वर प्रेस की स्थापना की और हिन्दी पत्रकारिता को नया आयाम दिया। चूरू के पत्रकारों, साहित्यकारों ने जनहितैषी निर्णयों, स्वतंत्रता संग्राम व विभिन्न समाजसेवी गतिविधियों में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व मीडियाकर्मियों के मजबूत समन्वय से सरकार के जनहितैषी निर्णयों, नीतियों व उपलब्धियों का आमजन को भरपूर लाभ मिले। हम इस दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मीडिया तकनीक का शिकार नहीं हो, अपितु तकनीक का उपयोग कर हम कैसे बेहतर परिणाम दे सकते हैं, उस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस के संदर्भ में चूरू के पत्रकारिता में योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि युवा पत्रकारों को भाषा और कंटेंट दोनों ही दिशा में अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से अधिस्वीकृत पत्राकारों के लिए आरजेएचएस योजना और पत्रकारों को देय मेडिकल सहायता सुविधा के बारे में जानकारी दी। पीडीयू मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार ने कहा कि पत्रकारिता समाज को आईना दिखाने का काम है। पत्रकारिता से ही हर व्यक्ति, हर वर्ग, समाज, हर घर तक सही खबरें पहुंचती हैं। हमारा यह कर्तव्य किसी का जीवन बचा सकता है। पत्रकारिता समाज का महत्वपूर्ण भाग है। हम समाज की नकारात्मकता को देखें और उनके उन्मूलन के लिए सार्थक प्रयास करें। इसी के साथ सकारात्मक गतिविधियों का भी प्रचार-प्रसार करें। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के विश्वसनीय स्वरूप के संरक्षण के लिए काम करना होगा और समाज के प्रति दायित्वों के लिए चिंतन करना चाहिए। हम राष्ट्र व समाज हित में काम करें ताकि आने वाले पीढ़ियां हमसे प्रेरणा ले। हम समाज को नई दिशा दें और पाठक वर्ग को तैयार करें। उन्होंने वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए हिंदी पत्रकारिता के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह शेखावत ने एकजुट रहते हुए पत्रकार और पत्रकारिता के संरक्षण की बात कही तथा गिरधारी सैनी, किशन उपाध्याय, मनोज शर्मा, अमित तिवारी, मदन दाधीच आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राजलदेसर युवा विकास समिति की ओर से सूचना केन्द्र में एक प्रिंटर भेंट करने की घोषणा की गई। इससे पूर्व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, प्राचार्य पुकार, डीडी-पीआर कुमार अजय ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मीडियाकर्मियों ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन कुंज बिहारी बिरमीवाला ने किया। इस दौरान राजमेस एएओ भोमसिंह राठौड़, राजमेस के सुगनाराम, नरेश भाटी, आशीष गौतम, जमील अहमद खान, पवन शर्मा, देशदीपक किरोड़ीवाल, रवि सैन, जगदीश सोनी, देवराज लाटा, विजय चौहान, महेंद्र सोनी, विजय सारस्वत, शैलेंद्र सोनी, अख्तर मुगल, सुनील कुमार, मोहम्मद अली पठान, संजय वर्मा, नौरंग खोथ, महेंद्र सोनी, राहुल शर्मा, मदन दाधीच, विनोद सुथार, मनोज सोनी, मनोज मिश्रा, बाबूलाल राव, गजेंद्र चौहान, पवन कुमार शर्मा, नरेश पारीक, ललित चौहान, राजकुमार नायक, नरेंद्र दीक्षित, रामस्वरूप प्रजापत, गिरधारीलाल प्रजापत, रामचंद्र गोयल, अभिषेक सरोवा, मंगेज सिंह, संजय गोयल, विजय रक्षक, बजरंग मीणा आदि मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।